दुल्हन के सेट व लॉचा किराए पर उपलब्ध है।
Nikhaar Jewellery
Mukesh Agrawal
Shop-47, "A" Market, Sec.-6, Bhilai
Mob.: 98261-86026, 93403-78220

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
साझा करें अपने मित्रों से
सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल

BATTERY ZONE
Deals In: All Types of Battery and Invertor
इन्वर्टर + बैटरी
मात्र 13,000/- में
Mo.- 9109013555
Opp. Majar, G.E. Road, Shastri Nagar, Bhilai (C.G.)
Email : batteryzonebhilai@gmail.com

वर्ष- 13, अंक - 102 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, मंगलवार 25 जनवरी 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

किराये से देना है
15x20 डबल स्टोरी
दुकान किराये से देना है।
संपर्क :- 99933-16015
किराया - 8000 से 10000 मात्र
हाइवे पेट्रोल पंप के सामने
दुर्गा मंदिर के बाजू में
जनता मार्केट, पावर हाउस, भिलाई


आवश्यकता है
Hotel Dream Palace
में आवश्यकता है
वेटर - 4 पद
संपर्क करें- 9329964073
Infront of Railway Station, Durg
Distt.-Durg, C.G.-491001

# छिंदनार पुल जनता को समर्पित उफनती नदी नहीं रोक सकेगी रास्ता

**वर्षों के सपनों का छिंदनार पुल बनने से ग्रामीणों की राहें हुई आसान, अंदरुनी इलाकों में पहुंचने लगी बुनियादी सुविधाएं**

### सरकार और ग्रामीणों के बीच भरोसे का पुल

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दंतेवाड़ा।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दंतेवाड़ा जिले के छिंदनार में इन्द्रावती नदी पर 38 करोड़ 74 लाख 26 हजार रूपए की लागत से नवनिर्मित पुल को 25 जनवरी को जनता को समर्पित किये। इस नवनिर्मित पुल की लम्बाई 712 मीटर और 8.40 मीटर है। इस पुल के बन जाने से अब छिंदनार इलाके के ग्रामीणों का रास्ता उफनती इन्द्रावती भी नहीं रोक सकेगी। पुल न होने की वजह बरसात के दिनों में इन्द्रावती नदी के उस पार स्थित कई गांवों का जन-जीवन और आवागमन पूरी तरह थम जाता था, इस पुल के निर्माण से लोगों को बारहमासी आवागमन की सुविधा मिलने लगी है। इन्द्रवती नदी के पार के नक्सल प्रभावित ग्राम चेरपाल, तुमरीगुण्डा, पाहुरनार, कौरगांव सहित अन्य गांव में विकास और बुनियादी सुविधाओं की पहुंच तेज हुई है जिससे लोगों के जीवन में एक नया बदलाव दिखाई देने लगा है। पुल निर्माण का वर्षों पुराना सपना पूरा होने से इन्द्रावती नदी के उसपार के गांव में उत्सव और हर्ष का माहौल है।

इंद्रावती नदी पर पुल बनने से गांवों के विकास की गति तेज हुई है। बुनियादी सुविधाओं की पहुंच बढ़ी है। जन-जीवन सहज हुआ है। गौरतलब है कि इन्द्रावती नदी में बरसात के दिनों में बाढ़ आने पर ग्रामीणों को अपनी रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भी काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ता था। पुल बन जाने से अब पार के गांवों में मूलभूत सुविधाओं के विकास में तेजी आई है। गांवों में बिजली भी पहुंच गई है। तुमरीगुंडा ग्राम पंचायत में 2 करोड़ की लागत से 18 पारों में 18 ट्रांसफार्मर लगाकर शतप्रतिशत घरों को विद्युतीकृत किया गया है, जिससे 410 हितग्राहियों को लाभान्वित हुए हैं। इन्द्रावती नदी के उस पार स्थित सभी गांवों के घरों में बिजली पहुंचाने के लिए 3 करोड़ 91 लाख रूपए की स्वीकृती दी गई है, जिससे पाहुरनार गांव के विद्युतीकरण का काम पूरा हो चुका है। चेरपाल गांव में विद्युतीकरण का काम तेजी से चल रहा है। जल जीवन मिशन अंतर्गत अंदरूनी इलाके के गांव में हर घर-नल से जल पहुंचाने के काम में भी तेजी आई है।

जिला प्रशासन द्वारा गांव में शिविर लगाने और ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने में गति आई है। इन्द्रावती नदी पार के गांवों में 632 हितग्राहियों का श्रम कार्ड बनाया जा चुका है, जिससे उन्हें कई योजनाओं का लाभ मिलने लगा है। स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच आसान हुई है। गांव में अब आवश्यकता के अनुरूप 108 संजीवनी एक्सप्रेस एवं 102 महतारी एक्सप्रेस धड़ल्ले से आने-जाने लगी हैं। डॉ खूबचंद बघेल आयुष्मान योजना अंतर्गत लगभग 2829 लोगों का आयुष्मान कार्ड तथा 45 दिव्यांगजनो को दिव्यांग प्रमाण पत्र दिया जा चुका है। कोविड-19 संक्रमण के बचाव के लिए लोगों को टीका लगा दिया गया है। पुल बन जाने से लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है और शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ देने और दिलाने के लिए शासन और जनता के बीच की दूरी मिटी है। सिंचाई एवं फसल उत्पादन में भी वृद्धि हुई है। इन्द्रावती नदी के उस पार स्थित ग्राम पंचायतो में कुल 1656 लोगों को राशनकार्ड का लाभ मिलने लगा है। दन्तेवाड़ा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र नारायणपुर जिले के 356 हितग्राही को राशन दन्तेवाड़ा से प्रदान किया जा रहा है। इन्द्रावती पर पुल निर्माण से समग्र विकास को गति और ग्रामीणों का जीवन गतिशील हुआ है।

# छत्तीसगढ़ पुलिस के हत्थे चढ़े तस्कर, तीन जिलों में पकड़ाया 1.70 करोड़ रुपए का गांजा



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में नशे के कारोबारियों को पकड़ने में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। प्रदेश के कवर्धा, गरियाबंद व जशपुर में पुलिस ने एक बार फिर बड़ी गांजे की खेप पकड़ी है। गांजा की खेप को दूसरे राज्यों तक पहुंचाने तस्कर छत्तीसगढ़ के रास्तों का उपयोग कर रहे हैं। पुलिस को चकमा देने तस्कर तरह-तरह के पैतरे भी अपना रहे हैं। गरियाबंद जिले में तस्करों ने बोलेरो गाड़ी में शादी का पर्चा लगा लिया था। पुलिस को शक न हो इसलिए तस्करों ने गाड़ी में 2 लड़कियों को भी बैठा रखा था। बावजूद तस्करों की यह चालाकी काम नहीं आई। पुलिस ने तीनों जगहों पर कार्रवाई करते हुए हुए लगभग 475 किलो गांजा जब्त किया है, जिसकी अनुमानित कीमत 1 करोड़ 70 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर सभी को जेल भेज दिया है।

छत्तीसगढ़-मध्य प्रदेश बॉर्डर पर कवर्धा जिले में चिल्फी थाना की पुलिस ने 3 इंटर स्टेट तस्कर को गिरफ्तार किया है। दो कार से गांजे का अवैध परिवहन करते 3 क्विंटल 86 किलो गांजा जब्त किया गया। तस्कर गांजा को ओडिशा से मेरठ (उत्तर प्रदेश) लेकर जा रहे थे। कवर्धा पुलिस के अनुसार तीनों गांजा तस्कर मेरठ में गांजा खपाने वाले थे, लेकिन उससे पहले ही हत्थे चढ़ गए। गांजे का बाजार मूल्य 1 करोड़ 52 लाख बताई आकी गई है। हुंडई आई20 कार और टाटा अल्ट्रा 1412 ट्रक के साथ आरोपियों पकड़े गए हैं। दोनों वाहन से कुल 386 किलो मादक पदार्थ जब्त किया गया है। एसपी लाल उमेंद सिंह ने बताया कि कवर्धा में इतनी बड़ी गांजे की खेप पहली बार पकड़ी गई है।

### ओडिशा से मध्य प्रदेश जाने वाला था गांजा

गरियाबंद जिले के देवभोग-रायपुर मार्ग पर पुलिस ने चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। गांजा जब्त करने के बाद पुलिस ने जांच की तो पता चला कि ओडिशा के तस्कर मध्य प्रदेश के तस्कर को रायपुर छोड़ने जा रहे थे। किसी को शक न हो इसलिए, उन्होंने 2 लड़कियों को भी गाड़ी में बैठाया था। ये तीनों मध्य प्रदेश के तस्कर को रायपुर में छोड़कर वापस ओडिशा जाने वाले थे। इससे पहले ही पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों से 12 लाख का गांजा जब्त किया है। पुलिस ने इस मामले में मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले के सहदेव गिरी (23), ओडिशा के सुभाष चन्द्र नायक (46), आरबी सोनी (26) और रूबी सोनी (22) को गिरफ्तार किया है।

***बनारस जा रही बस में गांजा सहित दो गिरफ्तार***

जशपुर जिले में यात्री बस में गांजे की तस्करी करते जिले की तपकरा पुलिस ने 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के पास से 12-12 किलो गांजा बरामद किया गया है। ये आरोपी पश्चिमी चंपारण बिहार के रहने वाले हैं। ओडिशा के झारसुगड़ा से उत्तर प्रदेश के बनारस जा रही यात्री बस को जब लावाकेरा चेक पोस्ट पर तलाशी ली गई तो आरोपियों के पास अलग-अलग पैकेट में 12-12 किलो गांजा मिला। जब्त माल की कीमत 6 लाख रुपए आंकी गई है। बता दें कि यहां जिस तरह से नशे के कारोबारी लगातार पकड़ा रहे हैं। पूरे देशभर में इन पदार्थों की सप्लाई के लिए छत्तीसगढ़ के मार्ग को ही अच्छा माध्यम मान रहे हैं।

## खास-खबर

### दुर्ग निगम की पहलः 'मैं कचरा फेकेंगा नहीं' लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा पुष्पा का जादू

**दुर्ग।** इन दिनों पुष्पा फिल्म का जादू लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। दक्षिण भारतीय फिल्म को हिंदी में डबकर रिलीज किया गया। इसके बाद भी इस फिल्म ने सफलता के परचम लहरा दिए हैं। दुर्ग शहर में पुष्पा फिल्म का जादू ऐसा चल रहा है के लोग तरह-तरह के मीम्स बना रहे हैं। इनमें एक मीम इन दिनों काफी चर्चा में है और वह है नगर निगम दुर्ग द्वारा बनाया गया मीम। नगर पालिक निगम दुर्ग भी पुष्पा फिल्म से काफी प्रभावित है। दुर्ग निगम ने फिल्म पुष्पा के एक डायलॉग 'मैं झुकेगा नहीं' को स्वच्छता अभियान से जोड़ते हुए एक मीम बनाया है। फिल्म के हीरो अल्लू अर्जुन की तस्वीर के साथ दुर्ग निगम ने मीम बनाया। इसके बैकग्राउंड में कहा जा रहा है 'मैं कचरा फेंकेगा नहीं'। दुर्ग निगम द्वारा बनाए गए उक्त मीम की शहर में इन दिनों काफी चर्चा हो रही है।

इसे स्वच्छता कर्मियों द्वारा सफाई के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए इस्तेमाल करेंगे। वहीं प्रदेश के युवा भी पुष्पा फिल्म के डायलॉग को बैकग्राउंड में रखकर तरह-तरह के मीम्स बना रहे हैं जो इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहे हैं। युवाओं द्वारा बनाए जा रहे इन मीम्स को देखकर लोगों की हंसी तो छूट ही रही है साथ ही फिल्म के प्रति लोगों की दीवानगी भी देखी जा सकती है। नगर निगम दुर्ग के महापौर धीरज बाकलीवाल ने इस मीम को लेकर कहा है कि स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से इस प्रकार की पहल की गई है। लोगों को फिल्मों के डायलॉग जल्दी याद हो जाते हैं और इस और उनका झुकाव भी रहता है। इन दिनों पुष्पा फिल्म लोगों को बहुत पसंद आ रही है। इसे देखते हुए एक प्रयोग किया गया है। लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से ही नगर निगम दुर्ग द्वारा यह पहल की गई है।

# दर्दनाक हादसाः पुल से कार गिरने से सात मेडिकल छात्रों की मौत, विधायक का बेटा भी शामिल



**वर्धा (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के सेलसुरा के पास बीती रात करीब साढ़े 11 बजे एक पुल से कार गिरने से तिरोरा से भाजपा विधायक विजय रहांगदाले के बेटे आविष्कार रहांगदाले समेत सात मेडिकल छात्रों की मौत हो गई। वे सभी देवली से वर्धा सवांगी मेडिकल कॉलेज जा रहे थे। बताया जा रहा है कि सेलसुरा शिवार से गुजरते समय पुल के पास अचानक जंगली जानवर आ गया जिसे बचाने के चक्कर में गाड़ी अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे में मरने वाले छात्रों में अविष्कार रहांगडाले (भाजपा विधायक का बेटा), नीरज चौहान, नीतीश सिंह, विवेक नंदन, प्रत्युष सिंह, शुभम जाय और पवन शक्ति शामिल हैं।

### जान गंवाने वालों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2-2 लाख रुपये

पीएम मोदी ने महाराष्ट्र के सेलसुरा के पास दुर्घटना में जान गंवाने वालों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2-2 लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने इसकी जानकारी दी है।

# छत्तीसगढ़ में राजीव गांधी ग्रामीण कृषि मजदूर न्याय योजना का शुभारंभ शीघ्र

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजीव गांधी ग्रामीण कृषि मजदूर न्याय योजना के शुभारंभ अवसर पर सांसद एवं कांग्रेस पार्टी की अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी, सांसद राहुल गांधी, श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं को बतौर अतिथि छत्तीसगढ़ आने का आमंत्रण दिया है। यहां यह उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य में राजीव गांधी ग्रामीण कृषि मजदूर न्याय योजना का शुभारंभ शीघ्र होने जा रहा है। इस योजना के तहत ग्रामीण भूमिहीन परिवारों को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रतिवर्ष 6000 रुपए की आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया है। शुभारंभ के दिन प्रथम किस्त सीधे भूमिहीन परिवारों के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी। इस योजना के तहत भूमिहीन, मनरेगा मजदूर सहित नाई, धोबी, लोहार, पुजारी भी लाभान्वित होंगे।

भूमिहीन परिवारों को लाभान्वित करने कि छत्तीसगढ़ सरकार की यह अभिनव योजना है। इस तरह की योजना देश के अन्य राज्यों में कहीं नहीं है। छत्तीसगढ़ सरकार ने इस योजना के लिए वर्ष 2021 -22 के बजट में 200 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है।

### फसल उत्पादकता और फसल विविधीकरण को बढ़ावा

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इससे पहले पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी के नाम पर राज्य में किसानों को फसल उत्पादकता और फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2020 में राजीव गांधी किसान न्याय योजना प्रारंभ की थी । इस योजना के तहत राज्य के लगभग 22 लाख किसान लाभान्वित हो रहे हैं। राज्य में किसानों को इस योजना के तहत अब तक 10,176 करोड़ रुपए से अधिक की राशि सीधे मदद के तौर पर उनके बैंक खातों में स्थानांतरित की जा चुकी है। आगामी मार्च माह के आखिर तक 22 लाख किसानों को योजना की चौथी किस्त के रूप में लगभग 1500 करोड़ रुपए और दिए जाएंगे। राजीव गांधी किसान न्याय योजना में खरीफ की सभी प्रमुख फसलों के साथ-साथ उद्यानिकी फसलों और वृक्षारोपण को भी शामिल किया गया है। ख़रीफ़ 2021 के सभी उत्पादक कृषकों को प्रति एकड़ के मान से 9000 रूपये के अनुदान सहायता देने का प्रावधान है।

# पान मसालों की लूट, कार सवार लुटेरे मेटाडोर लेकर फरार, आरोपियों की तलाश जारी



श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** रुपए, सोने-चांदी के गहनों की लूट की बात तो आपने सुनी होगी, लेकिन छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में पान मसाला (गुटखा) की लूट का मामला सामने आया है। कार सवार लुटेरों ने 407 मेटाडोर को ओवरटेक करके रोका और चालक से मारपीट करते हुए वाहन लेकर फरार हो गए। आरोपियों ने ड्राइवर से एक हजार रुपए और मोबाइल भी लूट लिया। मेटाडोर में 10 लाख रुपए का पान मसाला लोड था। सूचना पर पुलिस ने नाकेबंदी की, लेकिन लुटेरे अब तक पुलिस पकड़ से बाहर है। पुलिस ने जयराम नगर से मेटाडोर को जब्त किया है, लेकिन आरोपी पान मसाला को दूसरे वाहन में लोड कर फरार हो गए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सिरगिट्टी इंडस्ट्रीयल एरिया में राजश्री गुटखा की फैक्ट्री हैं। कोरबा जिले के ऑर्डर पर कंपनी से मेटाडोर 407 में लगभग 10 लाख का पान मसाला लोड कर चालक निकला था। 407 का चालक इलाहाबाद निवासी विजय करण हैं जो वर्तमान में सिरगिट्टी थाना क्षेत्र के ग्राम कोरमी में रहता है। सोमवार सुबह 6 बजे जब वह धुमा चौक के पास पहुंचा तो स्लेटी रंग की कार में सवार कुछ बदमाश पहुंचे। उन्होंने कार से ओवरटेक करके पहले 407 को रोका फिर चालक विजय करण के साथ मारपीट करते हुए उसके पास रखे एक हजार रुपए व मोबाइल को लूट लिया।

### चालक से मारपीट कर मोबाइल व रुपए लूटे

मारपीट के बाद लुटेरों में से एक आरोपी अपने साथ पान मसाला लोड 407 को चलाते हुए ले गया। इधर चालक ने अपने साथ हुई लूट की जानकारी कंपनी प्रबंधन को दी, जिसके बाद तोरवा थाने को सूचना दी गई। पुलिस ने चारों तरफघेराबंदी कर लुटेरों की तलाश शुरू की। तोरवा थाना प्रभारी सुरेंद्र स्वर्णकार, सिरगिट्टी थाना प्रभारी फैजुल होदा शाह, मस्तूरी थानेदार प्रकाश कांत के अलावा साईबर सेल प्रभारी प्रदीप आर्या ने अलग-अलग दिशाओं पर टीमों को भेजकर आरोपियों का सुराग जुटाना शुरू किया। पुलिस के बढ़ते दबाव से लुटेरों ने जयराम नगर के पास बोरसी गांव में 407 वाहन को छोड़ दिया है, लेकिन वाहन में लोड पान मसाला अपने साथ ले गए हैं। पुलिस की टीमें आरोपियों की तलाश कर रही है।

कोरोना के मामलों में भारी कमी

# कल की तुलना में 50 हजार मरीज कम, लेकिन मृतकों की संख्या में इजाफा, सक्रिय मामले 22 लाख के पार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में जारी कोरोना संकट के बीच आज संक्रमित मरीजों की संख्या में भारी गिरावट देखी गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी मंगलवार (25 जनवरी) के आंकड़े के अनुसार देश में बीते 24 घंटे में 2 लाख 55 हजार 874 (2,55,874) नए मामले सामने आए हैं जो कि सोमवार की तुलना में 50,190 कम हैं। वहीं बीते 24 घंटे में 614 लोगों की कोरोना से मौत हुई है। सबसे अधिक चिंता करने वाली बात यह है कि देश में अब भी 22 लाख से अधिक लोग (22,36,842) संक्रमित हैं। हालांकि इस दौरान 2 लाख, 67 हजार 753(2,67,753) लोग स्वस्थ भी हो गए। देश में दैनिक पॉजिटिविटी रेट घटकर अब 15.52 फीसदी हो गई है।

देश में अब तक कोरोना वैक्सीन की 162.92 करोड .(162,92,09,308) खुराक लगाई जा चुकी हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार अब तक देश में 71.88 करोड़ से अधिक ( 71,69,95,333) कोरोना सैंपलों की जांच की जा चुकी हैं। इनमें 16,49,108 सैंपलों की जांच बीते 24 घंटों में की गई।

कई राज्यों में संक्रमितों की संख्या तो कई राज्यों में मृतकों की संख्या में इजाफा हो रहा है। केरल में एक सप्ताह में कोरोना मरीजों की संख्या में 65 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई तो आंध्र प्रदेश (67 प्रतिशत), जम्मू-कश्मीर (61 प्रतिशत), असम (57 प्रतिशत), मध्य प्रदेश और गुजरात (53 प्रतिशत) और तेलंगाना में 41 फीसदी केस बढ़ गए।

### प्रदेश में कोरोना के 4509 नए मरीज मिले, 19 की मौत, एक्टिव केस 31 हजार के पार

छत्तीसगढ़ में कोरोना का कहर थम नहीं हो रहा है। सोमवार को प्रदेश में 4509 नए केस मिले हैं, जिसमें रायपुर में सबसे ज्यादा 957 संक्रमितों की पुष्टि हुई है। वहीं कोरोना की वजह से प्रदेश में 19 लोगों की जान भी चली गई। छत्तीसगढ़ में एक्टिव मरीजों की संख्या 31 हजार के ऊपर है। रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, जांजगीर-चांपा व बस्तर में सबसे ज्यादा केस मिले हैं। सरकार की तमाम पाबंदियों के बाद भी संक्रमण कम नहीं हो रहा है। प्रदेश में कोरोना से मौतों का आंकड़ा भी अब डराने लगा है। छत्तीसगढ़ में इस महामारी से अब तक 13,746 लोगों की जान जा चुकी है। स्वास्थ्य विभाग के राज्य कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार को प्रदेश में 4,509 नए केस मिले हैं, जिसमें सबसे ज्यादा रायपुर में 957 नए संक्रमित मिले हैं। इसके बाद दुर्ग में 710, राजनांदगांव में 337, जांजगीर-चांपा में 321, रायगढ़ में 197, कांकेर में 175, बिलासपुर में 168, कोरबा में 165, कोंडागांव में 148, सरगुजा में 136, धमतरी में 129, बालोद में 125 नए केस मिले हैं। प्रदेश के 15 जिलों में 10 से 100 के बीच मरीज मिले हैं। प्रदेश में अब कुल सक्रिय मरीजों की संख्या 31,074 हो गई है। राज्य में ओमिक्रॉन के अब तक 30 संक्रमित भी मिल चुके हैं।

### रायपुर-दुर्ग में 4-4 लोगों की गई जान

सोमवार को 45 हजार 626 सैंपलों की जांच की गई। राहत की बात यह है कि प्रदेश में पॉजिटिविटी दर 14.03त्न से घटकर 9.88त्न हो गई है। कोरोना संक्रमण से रायपुर व दुर्ग में 4-4, जांजगीर-चांपा में 3, राजनांदगांव, बेमेतरा, धमतरी, महामसुंद, बिलासपुर, कोरिया, जशपुर, बस्तर में 1-1 की मौत हुई है। सोमवार को 24 घंटे में सर्वाधिक 19 मौतें हुई, जो तीसरी लहर की सबसे बड़ी सख्या है। हॉस्पिटल से 251 लोग डिस्चार्ज हुए तो वहीं 5,155 लोगों ने होम आइसोलेशन पूरा किया है। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने कोरोना की गाइडलाइंस का सख्ती से पालन के निर्देश जारी किए गए हैं।

## संपादकीय

# शेयरों में गिरावट

कोरोना महामारी के समय भी जिस भारतीय शेयर बाजार को हम चढ़ते हुए देख रहे थे, क्या वह अब बुरे दौर से गुजरने लगा है? सोमवार को सप्ताह के पहले ही दिन शेयर बाजार में भारी गिरावट ने तमाम संभावनाओं और आशंकाओं पर सोचने को मजबूर कर दिया है। सोमवार को सेंसेक्स और निफ्टी, दोनों में ढाई फीसदी से अधिक की गिरावट देखी गई है। सेंसेक्स 1545.67 अंकों का गोता लगाकर 57,491.51 के स्तर पर बंद हुआ है, जबकि निफ्टी 468.05 अंक गिरकर 17,149.10 पर पहुंच गया है। कुछ अचरज भी होता है कि देश का आम बजट आने वाला है और शेयर बाजार में लगातार पांचवें दिन गिरावट दर्ज हुई है। सोमवार को शेयर बाजार को करीब 10 लाख करोड़ रुपये तक का नुकसान हुआ है। पिछले पांच दिन में सेंसेक्स करीब 3,900 अंक टूट चुका है। पांच दिन में निवेशकों को 17 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान हो चुका है। सिरमौर समझी जाने वाली चंद कंपनियों ने भी निराश किया है। गौर करने वाली बात है कि सोमवार को अर्थव्यवस्था के लगभग सभी सेक्टर्स में कमजोरी देखी जा सकती है, रियल एस्टेट, मेटल, मीडिया, आईटी और ऑटो में सबसे ज्यादा कमजोरी देखने को मिली है।

> “मुश्किल समय में भी शेयर बाजार में पूंजी बढ़ने की वजह सामने आ चुकी है। शायद चंद पूंजीपतियों को लग रहा होगा कि आगामी बजट में उनको मिल रही कुछ रियायत भी छिनेगी और वे कोई नया आर्थिक पैकेज लेने में नाकाम होंगे। ऐसे में, शेयर बाजार का तनाव में आना स्वाभाविक है, लेकिन उससे ज्यादा जरूरी है कि छोटे निवेशकों का सावधान रहना।

बैंकों के शेयर भी दबाव में हैं और कुल मिलाकर आश्वस्त भाव से यह नहीं कहा जा सकता कि फ्लां कारोबारी सेक्टर अभी सही है। हालांकि, इस गिरावट के बावजूद कुछ कंपनियां ऐसी भी हैं, जो अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। सब कुछ निराशाजनक नहीं है, लेकिन यह सोचने वाली बात है कि ऐन बजट से पहले शेयर बाजार को क्या होने लगा है? सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों, टीसीएस और इन्फोसिस को 1,09,498.10 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। बजट सत्र से पहले ऐसे तनाव या गिरावट को व्यावसायिक रूप से बहुत अस्वाभाविक नहीं मानना चाहिए, लेकिन इस गिरावट की नैतिकता या वजह पर बहस जरूर हो सकती है।

देश के आम बजट में लगभग सप्ताह भर का समय बचा है। ऐसे में, दो-तीन संभावनाओं पर हमें गौर करना चाहिए। जो बाजार कोरोना महामारी के समय भी तेजी से बढ़ रहा था, वह बिना किसी ठोस कारण के लुढ़क रहा है, तो क्या इसके पीछे बड़े निवेशकों की कोई रणनीति है? क्या बजट से ठीक पहले शेयर बाजार अपनी खुशनुमा स्थिति को छिपाकर किसी निराशा का प्रदर्शन करना चाहता है? क्या निवेशकों को बजट से कोई ऐसी उम्मीद है, जिसे पूरा करने की दिशा में वे सक्रिय हो गए हैं या उन्हें कोई प्रतिकूल सूचना मिल गई है? शायद भारत में जो लोग पूंजी के प्रवाह को नियंत्रित करते हैं, वे बढ़ते अमीर व गरीब की सूची सामने आने के बाद सक्रिय हुए हैं। दुनिया भर में ऐसे अमीर भी हैं, जो आगे बढ़कर बोल रहे हैं कि जब दुनिया मुसीबत में है, तब उसकी बेहतरी के लिए हम पर टैक्स लगा लीजिए। कोरोना के मुश्किल समय में भी भारत में चालीस से ज्यादा नए अरबपति पैदा हो गए हैं। मुश्किल समय में भी शेयर बाजार में पूंजी बढ़ने की वजह सामने आ चुकी है। शायद चंद पूंजीपतियों को लग रहा होगा कि आगामी बजट में उनको मिल रही कुछ रियायत भी छिनेगी और वे कोई नया आर्थिक पैकेज लेने में नाकाम होंगे। ऐसे में, शेयर बाजार का तनाव में आना स्वाभाविक है, लेकिन उससे ज्यादा जरूरी है कि छोटे निवेशकों का सावधान रहना।

> “हमें याद रखना होगा कि हमारे पड़ोस में एक कट्टर धर्मांध राष्ट्र बना था और वह 25 वर्षों में ही टूटकर दो टुकड़ों में तब्दील हो गया। क्या हम भी वैसा ही अनुदार और पिछड़ा समाज बनाना चाहते हैं? क्या हम पिछले 75 वर्षों से आर्थिक और राजनीतिक अर्थों में एक मजबूत राष्ट्र बनकर विश्व पटल पर उपस्थिति दर्ज कराने के अपने सारे प्रयासों पर पानी फेर देंगे? हमें स्पष्ट रूप से घोषित करना होगा कि हमारे नायक गांधी ही हो सकते हैं।

# अनुदार चरित्र चुनने की कवायद

विभूति नारायण राय, पूर्व आईपीएस अधिकारी



एक बहुधार्मिक, बहुभाषी या बहुसांस्कृतिक समाज में राष्ट्रीय नायक/नायकों की निर्मिति वैसे ही मुश्किल होती है, और उन स्थितियों में, जहां अक्सर एक समुदाय के आदरणीय दूसरे समुदाय की आस्था के बड़े प्रतीकों से टकराता नजर आता है, किसी एक सम्मिलित नायक की कल्पना कतई आसान नहीं होती। मोहनदास करमचंद गांधी मे यह संभावना प्रचुर मात्रा में है कि भारत राष्ट्र में रहने वाले विभिन्न समुदाय और खास तौर से उनमें से दो- हिंदू व मुसलमान, जो 1,300 साल से साथ-साथ रहते, लड़ते-भिड़ते हुए भी कई साझा उपलब्धियों व सपनों के भागीदार रहे हैं, उन्हें अपना नायक मान लें।

यहां याद दिलाने की जरूरत नहीं हैकि गांधी और गोडसे एक-दूसरे के विपरीत ध्रुव पर खड़े हैं, और इस बात की कोई संभावना है ही नहीं कि दोनों एक साथ हिंदुओं और मुसलमानों या समूचे राष्ट्र के नायक बन सकें। जिन परिस्थितियों में देश को एक विभाजित आजादी मिली थी, उनमें स्वाभाविक ही था कि साझे नायकों की संभावना और कम हो गई थी। ऐसे में, मुख्य चुनौती शिक्षा के क्षेत्र में नई पाठ्य-सामग्री के निर्माण के समय आई। प्रत्येक राष्ट्र अपने को वैध बनाने के लिए नैरेटिव गढ़ता है और इस प्रक्रिया में पाठ्य-पुस्तकें बड़े काम की होती हैं। स्वतंत्र भारत में नैरेटिव गढ़ने की बड़ी दिलचस्प गाथा है।

आजादी मिली थी इस अवधारणा के साथ कि हिंदू और मुसलमान, दो अलग राष्ट्र हैं और वे साथ नहीं रह सकते। बावजूद इसके कि हमारे पड़ोस में एक इस्लामी गणराज्य कायम हो गया, हमारे समझदार व प्रगतिशील नेतृत्व ने दो राष्ट्रों के सिद्धांत को मानने से इनकार कर दिया और भारत को एक धर्मनिरपेक्ष गणतंत्र बनाया। एक रंजित बंटवारे की पृष्ठभूमि में यह नैरेटिव बनाना कि हिंदू-मुस्लिम सह-अस्तित्व के 1,300 वर्षों का समय शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व और रचनात्मक उत्कृष्टता का इतिहास है, कितना मुश्किल रहा होगा, इसकी कल्पना ही की जा सकती है। ऐसे समय में एक नायक के रूप में गांधी काम आए। आजादी के फौरन बाद की पाठ्य-पुस्तकों ने इसमें हमारी मदद की। गांधी के ईद-गिर्द शांति, अहिंसा, धार्मिक सद्भाव और सहिष्णुता के ताने-बाने बुने गए, उनके अपने जीवन के प्रसंगों में ही सारे सूत्र उपलब्ध थे, और इस तरह से एक ऐसा बयानिया या आख्यान तैयार हुआ, जो किसी भी राष्ट्र के निर्माण की जरूरी शर्त हो सकता था।

फिर ऐसा क्या रह गया कि गांधी के हत्यारे और उनसे ठीक उलट गोडसे को भी एक राष्ट्रीय नायक बनाने की कोशिश लगातार होती रही। गांधी को केंद्र में रखकर यह नैरेटिव जिन पाठ्य-पुस्तकों में रचा जा रहा था, उन्हीं में बच्चों के लिए ऐसी सामग्री भी उपलब्ध थी, जो वैज्ञानिक चेतना के विरुद्ध, स्त्री व दलित विरोधी या देश के सबसे बड़े अल्पसंख्यक समुदाय मुसलमानों की एक खास तरह की नकारात्मक छवि पेश करने वाली थी। एक तरफ गांधी अहिंसा और सहिष्णुता की बात करते थे, तो दूसरी तरफ पौराणिक आख्यानों के नायक थे, जो हिंसा को महिमा मंडित करते थे। इसलिए यह बहुत स्वाभाविक था कि एक कच्चे मन का किशोर भ्रमित होता था। शायद यह इसलिए भी संभव हुआ कि शिक्षा राज्य का विषय था और शीर्ष व स्थानीय नेतृत्व की धर्मनिरपेक्षता को लेकर समझ भिन्न थी। ऐसा नहीं है कि गोडसे को लेकर मोह अचानक उत्पन्न हुआ है। आजादी के फौरन बाद भी ऐसे स्वर सुनाई देते थे, जो उनको महिमा मंडित करते थे, पर उनमें एक खास तरह का संकोच और रक्षात्मक मुद्रा दिखती थी। यह तो पिछले कुछ वर्षों में हुआ है कि कुछ लोगों ने हिंसक उग्रता के साथ गांधी की हत्या और उसके पीछे के तर्कों को उचित ठहराने का प्रयास शुरू कर दिया।

पिछले दिनों हरिद्वार और रायपुर में दो धर्म संसदों का आयोजन हुआ। धर्म संसद में उम्मीद की जाती थी कि धार्मिक और आध्यात्मिक विमर्श होंगे, लेकिन जो कुछ हुआ, वह अविश्वसनीय हद तक इन विषयों से दूर था। पहली संसद में मुसलमानों के विरुद्ध खुलेआम हिंसा की वकालत करते-करते दूसरी संसद ने तो गांधी की हत्या को ही न्यायोचित ठहरा दिया। यह विकास स्वाभाविक ही था, क्योंकि स्वतंत्र भारत में अल्पसंख्यकों के जान-माल की सुरक्षा की सबसे बड़ी गारंटी गांधी का विचार ही है। पिछले वर्षों में देश के कई हिस्सों में गोडसे की छपी हुई स्तुतियों के अगले चरण के रूप में ही धर्म संसद को देखा जाना चाहिए। यह भी चिंताजनक है कि धर्म संसदों द्वारा संविधान और कानून-कायदे की धज्जियां उड़ाने को लेकर राज्य की प्रतिक्रिया देर से और आधी-अधूरी आई। खुलेआम शांति-व्यवस्था के खिलाफ बोलने वालों के खिलाफ रासुका या यूएपीए जैसे कानूनों के तहत कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन भारतीय दंड संहिता के जिन प्रावधानों में उनके खिलाफ मुकदमे कायम हुए हैं, उनमें बिना किसी बड़े दंड के आरोपी वक्ताओं के बच निकलने की आशंका ही अधिक है।

एक बात स्पष्ट होनी चाहिए कि किसी भी राष्ट्र के स्वीकृत नायक एक-दूसरे के विपरीत खड़े नहीं दिख सकते। राष्ट्र का एक प्रभावी नैरेटिव होता है और नायक इसी का प्रतिनिधित्व करता है। वैविध्य से भरी भारत भूमि में अहिंसा और सद्भाव में गुंथे मूल्य-बोध ही एक मजबूत राष्ट्र-राज्य बना सकते हैं। अलग-अलग खान-पान, कपड़े-लत्तों, भाषा-बोली या रीति-रिवाज वाले समाज को आधुनिक अर्थों में एक राष्ट्र-राज्य में तब्दील करना किसी चमत्कार से कम न था और यह संभव हुआ, तो सिर्फ एक धर्मनिरपेक्ष संविधान के चलते ही। इसी संविधान के चलते महात्मा गांधी एक सहज स्वीकृत राष्ट्रनायक बने। उनकी उदार महात्मा की छवि भारतीय मेधा के कितनी अनुकूल थी, यह इसी तथ्य से पता चल सकता है कि वह बड़ी आसानी से राष्ट्रपिता के पद पर बैठ गए। रुपयों, सिक्कों या राज प्रासादों के ऊपर उनके चित्र सुशोभित हुए और एक धर्मनिष्ठ समाज में किसी ने मांग नहीं की कि यह स्थान किसी देवी-देवता को मिलना चाहिए।

हमें याद रखना होगा कि हमारे पड़ोस में एक कट्टर धर्मांध राष्ट्र बना था और वह 25 वर्षों में ही टूटकर दो टुकड़ों में तब्दील हो गया। क्या हम भी वैसा ही अनुदार और पिछड़ा समाज बनाना चाहते हैं? क्या हम पिछले 75 वर्षों से आर्थिक और राजनीतिक अर्थों में एक मजबूत राष्ट्र बनकर विश्व पटल पर उपस्थिति दर्ज कराने के अपने सारे प्रयासों पर पानी फेर देंगे? हमें स्पष्ट रूप से घोषित करना होगा कि हमारे नायक गांधी ही हो सकते हैं।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# प्रदूषण और ठंड से बचकर नए ठिकाने बनाते लोग

अंबरीश कुमार, वरिष्ठ पत्रकार



गोवा में पणजी से करीब 25 किलोमीटर दूर शहर पोंडा में एक सुपर मार्केट में राशन का सामान ले रहा था। सुपर मार्केट में गेहूं के आटे के साथ ज्वार, बाजरा, मक्का का भी आटा उपलब्ध था। पिछले चार दशक से गोवा आना-जाना रहा है, लेकिन इस तरह का बदलाव पहले कभी नहीं दिखा। ज्वार, बाजरा और मक्का तो उत्तर भारत में ज्यादा प्रचलित हैं। पता चला, करीब दो साल से यहां इनकी मांग बढ़ी है। दरअसल, उत्तर भारत के लोगों की आबादी गोवा में बढ़ रही है। खासकर कोरोना के दौर के बाद यह प्रवृत्ति और बढ़ी है। कामकाजी लोग गोवा की तरफ गए, तो घर के बुजुर्गों को भी साथ ले गए। कोरोना के बाद ऐसे लोगों की संख्या बढ़ी है, जिन्हें पोस्ट कोविड समस्या का सामना करना पड़ रहा है। यह गोवा के विभिन्न हिस्सों में दिखा भी। वैसे भी, 'होम स्टे' का प्रयोग सबसे पहले जिन राज्यों में हुआ, उनमें गोवा शामिल है। कम अवधि के सैलानियों की संख्या तेजी से घटी है, पर लंबी अवधि के लिए गोवा आने वालों की संख्या अब बढ़ रही है। कुछ समय पहले गोवा के लंबे प्रवास के दौरान यह महसूस भी हुआ था।

दिसंबर के अंतिम सप्ताह में पणजी से करीब 15 किलोमीटर दूर कैन्डोलिम के एक अपार्टमेंट में एक फ्लैट झाड़-पोंछकर तैयार किया जा रहा था, क्योंकि अगले तीन-चार महीने के लिए उसे दिल्ली के किसी सज्जन ने किराये पर ले लिया था। इसके बारे में पूछने पर पता चला कि कोई युवा जोड़ा है, जो 'वर्क फ्रॉम होम' के लिए यह फ्लैट ले रहा है। वजह दिल्ली, गुरुग्राम का प्रदूषण उन्हें बीमार बना रहा था। ठंड में उनकी समस्या और बढ़ जाती है। दिलचस्पी बढ़ी, तो कुछ और पड़ताल की। पणजी से लेकर मापुसा और अरेमबोल समुद्र तट तक जाने पर पता चला कि लॉकडाउन के बाद काफी संख्या में नौजवान यहां से 'वर्क फ्रॉम होम' कर रहे हैं। इसकी एक वजह यह भी है कि मुंबई और दिल्ली जैसे महानगर रहने के लिहाज से महंगे हैं और अगर दफ्तर जाना जरूरी न हो, तो वे गोवा में रहना पसंद करते है। उन्हें जो फ्लैट मुंबई में 30-40 हजार रुपये का पड़ता है, वह गोवा में 15-17 हजार में मिल जाता है। फिर ये फ्लैट फर्निश होते हैं और इनमें इंटरनेट आदि की आधुनिक सुविधाएं भी रहती हैं। लेकिन यह सिर्फ आर्थिक पक्ष है। दो और खास वजहें हैं।

दरअसल, दिसंबर से लेकर फरवरी के मध्य तक जब उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड पड़ती है, तब इसे बहुत से लोग बर्दाश्त नहीं कर पाते, जबकि गोवा में न तो ठंड पड़ती है, और न ही ज्यादा प्रदूषण होता है। गोवा शहरों के बजाय गांवों में ज्यादा बसा हुआ है। हरियाली ज्यादा है और प्रदूषण कम। इसी वजह से अब लोग इसे अपना दूसरा ठिकाना भी बना रहे हैं।

कानपुर के एक सज्जन, जो आईटी क्षेत्र के हैं, वह साल भर से यहीं हैं और ठंड के मौसम में अपने माता-पिता को भी ले आए हैं। दिसंबर और जनवरी की सर्दी उनके माता-पिता बर्दाश्त भी नहीं कर पाते थे और उन्हें अस्थमा की दिक्कत भी थी। गोवा के मौसम में वे आराम से रहते हैं। गोवा जैसे इलाके उत्तर भारत के उद्यानों से बहुत बेहतर हैं। साफ हवा, धूप की वजह से उन्हें यह जगह अच्छी लगती है। दरअसल, गोवा की बसाहट अभी भी बहुत घनी नहीं है और हरियाली ज्यादा है। हवा अन्य शहरों के मुकाबले साफ है। अन्य बड़े महानगरों की अपेक्षा यहां रहना सस्ता पड़ता है। यहां चिकित्सा सुविधा, आवास आदि भी बेहतर हैं।

कुछ नौजवान तो ऐसे भी मिले, जो बाकायदा अपना दफ्तर दिल्ली से गोवा के किसी गांव में शिफ्ट कर चुके हैं। इस वजह से उनका खर्च आधा हो गया है, खासकर आईटी क्षेत्र से जुड़े लोगों को बहुत सुविधा है। आज बड़े-बड़े उद्योग ऐसे छोटे और सुविधाजनक इलाकों या शहरों की तलाश में हैं, जहां काम करने की भी सुविधा हो और प्रदूषण से भी निजात मिले। काम की वजह से यहां लोग पहले भी आते रहे होंगे, लेकिन स्वास्थ्य की वजह से आने वाले लोग नए हैं। साफ है, ऐसी जगहों की मांग बढ़ रही है, जहां न ज्यादा गरमी पड़ती है और न सर्दी। यह उन महानगरों के लिए भी चिंता की बात है, जो रहने लायक बने रहने के लिए जूझ रहे हैं। जैसे-जैसे प्रदूषण में बढ़ोतरी होगी, वैसे-वैसे महानगरों का आकर्षण घटता जाएगा और शायद उनका मूल्य भी।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

### श्रीमती अंजली जैन की कलम से...



इतनी मोहब्बत
की कसक भूले
ने भुलाए, प्यास
जागे जितनी
तुझे भुलाए।

-अंजली जैन
7024460938


Party Orders... • Out Door Premium Catering • Parcels...
PUNJAB CHICKEN
SWIGGY zomato VEG NON-VEG
9993741754, 0788-4038954
Opposit Boys Polytechnic Hostel G.E. Road, Durg (C.G.)

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239

श्री सांई शूज कलेक्शन
जूते, चप्पल एवं पंजाबी जूती की विशाल श्रृंखला
Roshi 9302834546
मेनोनाईट चर्च के सामने, जी.ई. रोड. दुर्ग (छ.ग.)

डिम्पी ज्वेलर्स
सजेश भोरकर 9907157053
राकेश भोरकर 9302830835
आजाद चौक, कसारीडीह, दुर्ग (छ.ग.)

स्थानांतरण
लक्ष्मी ज्वेलर्स
कुशल भैय्या
9770584111
8959994444
स्टेशन रोड, कर्नाटका बैंक के सामने, दुर्ग (छ.ग.)

NJ
सोने, चांदी के जेवर के विक्रेता
सांखला नवीन ज्वेलर्स
जवाहर चौक, दुर्ग

राजहंस राजस्थानी थाली रेस्टोरेन्ट
शुद्ध शाकाहारी भोजन की व्यवस्था
पार्सल की सुविधा उपलब्ध
भागीरथ पंचारिया मो.- 9893302026
हरिश जोशी मो.- 7000515894
होटल न्यू इंडिया के नीचे, पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)

With Best Service and Quality Since Last 28 Years
कृष्णा ऑप्टिकल्स
आँखों की निःशुल्क जांच की जाती है
तुरंत चश्मा प्राप्त करें
krishnaopticalsdurg.com ahujav67@gmail.com krishna_opticals_1993 krishnaoptical'sdurg
नये बस स्टैण्ड के सामने, सौभग्य कॉम्पलेक्स, दुर्ग 98279 53331
मातोश्री काम्पलेक्स, महाराजा चौक, दुर्ग 93031 07850

सुशील म्युजिकल
इलेक्ट्रीक शाही बेन्जो के निर्माता
सभी प्रकार के संगीत वाद्य यंत्र के विक्रेता
स्टेशन रोड, फरिश्ता काम्पलेक्स के पास
दुर्ग (छ.ग.) - 491001
मो.-9993626855, फो.-07884010027
e-mail-sushilmusical@gmail.com

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)





# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### नेकी की दीवार का पुनर्निर्माण करेगा रायपुर स्मार्ट सिटी

**रायपुर।** समाज के जरूरतमंद परिवारों को उनके आवश्यकता की जरूरी वस्तुएं दानदाताओं के जरिए उन तक पहुंचाने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमि. नेकी की दीवार का पुनर्निर्माण करेगा। विगत दिनों अग्निकांड की वजह से यह नेकी की दीवार अनुपयोगी हो गई थी, अब यह संरचना पुन: निर्मित होगी। नेकी की दीवार का संचालन रायपुर नगर निगम के अधीन जोन स्तर पर किया जा रहा था। नेकी की दीवार में हुए इस अग्निकांड को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम द्वारा पुलिस में एफआई.आर. भी दर्ज कराई गई है, जिस पर जांच जारी है। ज्ञात हो कि रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने समाज के हर वर्ग की जरूरत को पूरा करने के उद्देश्य से नेकी की दीवार शहर के दो स्थलों पर तैयार कर इसका संचालन शुरू किया था। अनुपम गार्डन और गांधी उद्यान में बने नेकी की दीवार में दानदाता निर्धन परिवारों की सहायता हेतु अपने पास उपलब्ध अनुपयोगी वस्त्र, ऊनी कपड़े, जूते, खिलौने इत्यादि सामग्री भेंट हेतु छोड़कर जाते थे एवं जरूरतमंद परिवार इन स्थलों से अपने उपयोग की सामग्री अपने साथ ले जाते थे।

### गांव वार सूची तैयार कर वैक्सीनेशन से छूटे हुए नागरिकों का टीकाकरण सुनिश्चित करें : कलेक्टर

**राजनांदगांव।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कोविड वैक्सीनेशन के संबंध में स्वास्थ्य विभाग और अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने जिले में हुए वैक्सीनेशन कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोविड संक्रमण बढ़ रहा है। कोरोना से सुरक्षा के लिए कोविड वैक्सीनेशन बहुत जरूरी है। उन्होंने कोविड टीकाकरण का दूसरा डोज बढ़ाने के सख्त निर्देश दिए। एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ और बीएमओ रणनीति बनाकर कार्य करें। वैक्सीन लगाने से छूटे हुए नागरिकों का गांव वार सूची तैयार करें। आंगनगाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, शिक्षक, राजस्व अमला इस सूची के आधार पर प्रत्येक गांव के नागरिकों का टीकाकरण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि फ्रंट लाईन में काम करने वाले सभी का टीकाकरण बूस्टर डोज लगाना सुनिश्चित करें।

# सुरक्षा के साथ ही विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है सीमा सुरक्षा बल - आरएस भट्टी

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ और ओडिशा में तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसफ) सुरक्षा के साथ ही संबंधित क्षेत्र के विकास में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह बात, सीमा सुरक्षा बल (विशेष ऑपरेशन) के एडीजी, आर.एस.भट्टी ने नवा रायपुर स्थित कमांड मुख्यालय (विशेष ऑपरेशन) में बीएसएफ द्वारा वर्ष2020-2021में किए गए सेवा और उपलब्धियों की चर्चा करते हुए मीडिया के साथ संवाद के दौरान कही ।

एडीजी, आर.एस. भट्टी ने बताया कि 26 जनवरी, 2022को गणतंत्र दिवसके अवसर पर बीएसएफ द्वारा उड़ीसा के मलकानगिरी जिले के स्वाभिमानअंचल में बोट एंबुलेंस (क्ष्भ्ड्ढ्ढ द्ढ्ढह्यड्डठ्ठष्) सेवा प्रारंभकी जा रही है।इस अचंल के151 गांवोंकेलगभग तीस हजार से अधिकनागरिकों को इसका सीधा लाभमिलेगा।

भट्टी ने बताया कि सीमा सुरक्षा बल एवं राज्य पुलिस द्वारा प्रभावकारी क्षेत्रीय प्रभाव तथा विश्वास निर्माण के उपायों की बदौलत लोगों में नक्सली विचारधारा के प्रति आकर्षण में भारीकमी आई है। उड़ीसामें नए नक्सलियों की भर्ती नगण्य हो चुकी है तथा छत्तीसगढ़ में भी इसमें भारी गिरावट आई है।

छतीसगढ़ और ओडिसा के नक्सल प्रभावित इलाकों में सीमा सुरक्षा बल के



योगदानकी चर्चा करते हुए भट्टी ने कहा कि पिछले एक दशक से अधिक समय सेसीमा सुरक्षा बल छत्तीसगढ़एवं उड़ीसा पुलिस एवं प्रशासन को नक्सल समस्या से निपटने में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदानकर रही है। वर्तमान में सीमा सुरक्षा बल छत्तीसगढ़ राज्य के कांकेर, नारायणपुर तथा कोंडागांव एवं उड़ीसा के मलकानगिरी तथा कोरापुट जिलों में तैनात है।

उन्होंने बताया कि पिछले एक दशक से अधिक समय मेंनक्सलियों से लड़ते हुए सीमा सुरक्षा बल ने अपने 38 बहादुर अधिकारियों एवं जवानों की शहादत दी है तथा 1650 माओवादियों की गिरफ्तारी की है,18 माओवादियों को मार गिराया हैएवम् 891 माओवादियों को सरेंडर होने पर मजबूर किया है। साथ ही साथ बीएसएफने 1473 हथियार, 958 आईडी(ढ्ढश्वष्ठ), 3,176 किलोग्राम बारूद की जब्ती भी किया है। वर्ष 2021 में क्चस्injन द्वारा कुल 15 हथियार,54ढ्ढश्वष्ठ की जब्ती की गई और 14 माओवादियों को सरेंडर अथवा गिरफ्तार करवायाया कियाहै।

एडीजी भट्टी ने बताया कि वर्ष 2021के दौरान छत्तीसगढ़ में बीएसएफके साथ नक्सलियों के तीन सशस्त्र मुठभेड़ हुए, जिन्हें पूर्णत: विफल कर दिया गया । 26 मार्च,2021को सी.ओ.बी. सुरेली, कांकेर छत्तीसगढ़ में गस्ती पार्टी पर नक्सलियों ने घात लगाकर हमला किया, जिसे गस्ती पार्टी द्वारामुहतोड़ जवाब देते हुए विफल कर दिया गया तथा माओवादी भाग खड़े हुए। इसी प्रकार 24 अप्रैल 2021कोनव स्थापित सी.ओ.बी. कामटेड़ा, कांकेर पर शाम के समय 70 से 80 माओवादियों ने मोर्टार तथा स्वचालित हथियारों से हमला किया।मुस्तैद क्चस्injन जवानों द्वाराइस हमले का मुहतोड़ जवाब दिया गया और माओवादी भागने पर मजबूर हो गए।16 अक्टूबर 2021कोनवस्थापित सी.ओ.बी. अंजरेल, जिला नारायणपुर के गस्ती पार्टी पर माओवादियों ने घात लगाकर हमला किया जिसे गस्ती पार्टी द्वारा जवाबी गोली चलाते हुएविफल कर दिया गया। वर्ष 2021 में उड़ीसा में 21 फरवरी 2021को सीमा सुरक्षा बल की 160 वीं वाहिनी की सी.ओ.बी. कर्तनपल्ली जिला मलकानगिरी के गश्ती पार्टी पर नक्सलियों द्वारा आईईडी(ढ्ढश्वष्ठ) चलाकर तथा स्वचालित हथियारों से हमला किया गया। जिसका मुस्तैद जवानों द्वारा करारा जवाब दिया गया।परिणाम स्वरूप नक्सली भाग खड़े हुए। इस घटना में एक जवान को चोट आई।

उन्होंने बताया कि सीमा सुरक्षा बल नागरिकों के दिलों एवम् मन को जीतने के लिए लगातार प्रयासरत रही है। बीएसएफ द्वारावर्ष 2020-2021के दौराननागरिकों की चिकित्सा के लिए छत्तीसगढ़ के कांकेर तथा नारायणपुर जिलों में कुल 24 चिकित्सा कैंप लगाए गए जिनमे आंख, दांत, स्त्री रोग, हड्डी आदि के विशेषज्ञ चिकित्सक की भी उपलब्धता सुनिश्चित की गई।इन चिकित्सा कैंपो का लाभ लगभग 240 गांव के 6,438 लोगों ने प्राप्त किया। चिकित्सा कैंप कांकेर जिला के अंदरूनी गांवो मेंजैसे कोयलीबेड़ा ब्लॉक के गांव, ऑलदंड,बारकोट, माड़ पखंजूर, रेंगावाही, इरपनार, तिरलगढ़, दुर्गकुंडल ब्लॉक में ग्राम मेंड्राभी लगायेगये।

इसी प्रकार ओडिशा में भी 22 मेडिकल कैंपका आयोजन किया गया, जिससे मलकानगिरी एवं कोरापुट जिलों के लगभग 230 गांव के 4,362 लोगों को लाभ हुआ। चिकित्सा कैंप मलकानगिरी और कोरापुट जिलों के सुदूर अंदरूनीब्लॉक के गांवों में भी लगाए गए। भट्टी ने बताया कि अन्य नागरिक सहायता कार्यक्रमके तहतवर्ष 2021-22 में छत्तीसगढ़ के कांकेर एवं नारायणपुर जिलों के लगभग 280 अंदरूनी गांव के लोगों की सहायता हेतु 1.44 करोड रुपए मूल्य की आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराई जा रही है जिससे लगभग 17,000 लोगों को लाभ होगा।

# श्रीमती शारदा राजपूत की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के वरिष्ठ लेखापाल सत्येंद्र राजपूत ने अपनी पत्नी श्रीमती शारदा राजपूत की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा में अपनी पत्नी की याद में समाज के हित में कार्य कर रही।

समाज सेवी संस्थाओं नव दृष्टि फाउंडेशन,प्रशामक देखरेख संस्था,राजपूत छत्रिय महासभा, छत्तीसगढ़,जन समर्पन सेवा संस्था,सार्वजनिक श्री साई महोत्सव समिति को सामाजिक व जनहित कार्यों हेतु ग्यारह ग्यारह हज़ार रूपये की राशि प्रदान की। राजपूत परिवार की ओर से सभी उपस्थित लोगों को शारदा राजपूत की याद में 201 फलदार पौधे सौंपे



चोपड़ा पैलेस में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में राजपूत परिवार के सदस्य,राजपूत समाज, नवदृष्टि फाउंडेशन के कुलवंत भाटिया,राज आढ़तिया, रितेश जैन ,पियूष मालवीय, सार्वजनिक श्री साई महोत्सव समिति के श्रीकांत समर्थ, धनेन्द्र चंदेल, शिवाकांत तिवारी, कौशल किशोर सिंह,जन समर्पन सेवा संस्था के बंटी शर्मा,राजपूत छत्रिय महासभा, छत्तीसगढ़ अशोक ठाकुर, असवनी लवायन, मिनी ठाकुर,विष्णु सिंह ठाकुर ,प्रशामक देखरेख संस्था, कादम्बरी नगर, दुर्ग के प्रमुख राजू राजपूत उपस्थित रहे सभी ने कोरोना प्रोटोकाल का पालन करते हुए शारदा राजपूत को श्रद्धाँजलि दी। श्री साई महोत्सव समिति के श्रीकांत समर्थ ने राजपूत परिवार की पत्नी को श्रद्धांजलि देते हुए राजपूत परिवार को संबल दिया नव दृष्टि फाउंडेशन के राज आढ़तिया व कुलवंत भाटिया ने कहा राजपूत परिवार सदा समाज की सेवा हेतु समर्पित रहा है राज ने बताया जब भी किसी को जरूरत हो सत्येंद्र राजपूत व उनके पुत्र अनिमेष व आर्यन रक्तदान हेतु तत्पर रहते हैं व सभी रेगुलर ब्लड डोनर हैं। कुलवंत भाटिया ने जानकारी दी स्व शारदा राजपूत ने नव दृष्टि फाउंडेशन के माध्यम से नेत्रदान की घोषणा की थी किन्तु कोरोना की वजह से हम उनकी इच्छा पूर्ण नहीं कर पाए इसके आलावा जंहा जरूरत हो राजपूत परिवार हमें जनहित के कार्यों में सहयग करता है।

# कोरोना से बचाव के लिए कोविड टीकाकरण के सभी डोज़ निश्चित तिथि पर लगवाएं

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कलेक्टर सौरभ कुमार ने सीनियर सिटीजन वेलफेयर फोरम के पदाधिकारियों से मिलकर आज अपने कक्ष में विस्तृत चर्चा की एवं 60 वर्ष से अधिक उम्र और समस्त नागरिकों के टीकाकरण के लिए सुलभ कराई जा रही सुविधाओं के संबंध में अवगत कराया।

उन्होंने यह भी कहा हैं कि वरिष्ठ नागरिक यदि किसी विशेष स्थल पर सामूहिक रूप से एकत्र होकर टीकाकरण कराना चाहें, तो जिला प्रशासन उनके लिए पृथक टीकाकरण सत्र भी आयोजित करेगा। इस दौरान समाज कल्याण विभाग के उप संचालक भूपेंद्र पांडेय भी मौजूद थे।

सीनियर सिटीज़न फोरम ने इस दौरान अवगत कराया कि वरिष्ठ नागरिक स्वस्फूर्त टीकाकरण करा रहे हैं एवं अब प्रीकॉशन डोज़ के लिए निश्चित तिथि को ही टीकाकरण केंद्रों में पहुंच रहे हैं। सभी ने कहा कि कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण आवश्यक है, इसलिए पूरे परिवार को टीकाकरण के सुरक्षा चक्र में लाने सभी सीनियर सिटीजन अपने दायित्वों का निर्वहन भी कर रहे हैं।

# छत्तीसगढ़ में अब तक 84.73 लाख मीटरिक टन धान की खरीदी

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर । छत्तीसगढ़ राज्य में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के चालू सीजन में राज्य के 2484 धान उपार्जन केन्द्रों में आज शाम तक 19 लाख 95 हजार 868 किसानों से 84 लाख 72 हजार 820 मीटरिक टन से अधिक धान की खरीदी की जा चुकी है, जो राज्य सरकार द्वारा धान खरीदी के अनुमानित लक्ष्य का लगभग 80.69 प्रतिशत है।



धान खरीदी के एवज में किसानों को बैंक लिकिंग व्यवस्था के तहत 15,407.20 करोड़ रूपए जारी कर दिए गए हैं। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पहल पर इस वर्ष धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए धान का तेजी से उठाव भी किया जा रहा है। डीओ और टीओ के माध्यम से अब तक 45.96 लाख मीटरिक टन धान का उठाव हो चुका है।

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 39 लाख 98 हजार मीटरिक टन धान का डीओ जारी कर दिया गया है। उपार्जन केन्द्रों से मिलर्स द्वारा 34 लाख 79 हजार मीटरिक धान का उठाव कर लिया गया है। इसी प्रकार अब तक 16 लाख 79 हजार मीटरिक टन धान के परिवहन के लिए टी.ओ. जारी किया गया है। जिसके विरूद्ध समितियों से 11 लाख 17 हजार मीटरिक टन धान का उठाव हो चुका है।

जांजगीर-चांपा जिला, प्रदेश में समर्थन मूल्य पर 24 जनवरी तक धान खरीदी के मामले में पहले पायदान पर है। वहां 7 लाख 39 हजार 896 मीटरिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। वहीं राजनांदगांव जिला प्रदेश में धान खरीदी में दूसरे स्थान पर है। वहां 7 लाख 32 हजार 574 मीटरिक टन धान की खरीदी हुई है।

महासमुंद जिला धान खरीदी में आज राज्य में तीसरे स्थान पर है। महासमुंद जिले में 6 लाख 05 हजार 805 मीटरिक टन धान की खरीदी की गई है।

खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 24 जनवरी तक समर्थन मूल्य पर बस्तर जिले में 1,36,444 मीटरिक टन, बीजापुर जिले में 56,099 मीटरिक टन, दंतेवाड़ा जिले में 14,568 मीटरिक टन, कांकेर जिले में 2,57,620 मीटरिक टन, कोण्डागांव जिले में 1,30,091 मीटरिक टन, नारायणपुर जिले में 20,057 मीटरिक टन, सुकमा जिले में 39,220 मीटरिक टन, बिलासपुर जिले में 4,41,227 मीटरिक टन, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले में 60,029 मीटरिक टन, कोरबा जिले में 1,45,447 मीटरिक टन, मुंगेली जिले में 3,51,592 मीटरिक टन, रायगढ़ जिले में 4,71,509 मीटरिक टन, बालोद जिले में 4,61,094 मीटरिक टन धान की खरीदी की गई।

इसी प्रकार बेमेतरा जिले में 5,58,753 मीटरिक टन, दुर्ग जिले में 3,66,106 मीटरिक टन, कवर्धा जिले में 3,83,166 मीटरिक टन, धमतरी जिले में 350,909 मीटरिक टन, गरियाबंद जिले में 2,84,522 मीटरिक टन, बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में 5,99,344 रायपुर जिले में 4,28,257 मीटरिक टन, बलरामपुर जिले में 1,69,211 मीटरिक टन, जशपुर जिले में 1,30,938 मीटरिक टन, कोरिया जिले में 1,18,983 मीटरिक टन, सरगुजा जिले में 1,96,509 मीटरिक टन और सूरजपुर जिले में 2,22,852 मीटरिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस: डिजिटल साक्षरता विषय से कराया गया अवगत

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरबा। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, कोरबा द्वारा 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर डिजिटल साक्षरता विषय पर वेबिनार आयोजित किया गया। वेबिनार में पुलिस, यूनिसेफ, विधि, शैक्षिक क्षेत्र के विशेषज्ञों ने अपना व्याख्यान दिया। जिला मुख्य आयुक्त मोहम्मद सादिक शेख ने स्वागत उद्बोधन देते हुए डिजिटल साक्षरता विषय के उद्देश्य प्रकाश डाला।

जिला पुलिस विभाग, कोरबा के साइबर सेल के एसआई कृष्णा साहू ने बताया कि डिजिटल साक्षर होने के साथ इसके प्रति सुरक्षित भी होना होगा। इंटरनेट का सुरक्षित इस्तेमाल कैसे किया जाए, पीपीटी के माध्यम से इसकी जानकारी दी। वेबपेज सिक्योर या नहीं इसका पता कैसे करें, सोशल मीडिया के सिक्योरिटी टिप्स और इसके सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभाव की विस्तार से जानकारी दी। साइबर क्राइम के बारे में भी बताया। यूनिसेफ की राज्य सलाहकार नेहा सिंह ने कहा कि डिजिटल प्लेटफार्म अच्छा है तो हानिकारिक भी। इसके सुरक्षित उपयोग के 5 गोल्डन रूल्स की जानकारी दी। महिला सशक्तिकरण को और अच्छे से समझने पर जोर दिया। नेहा सिंह ने लिंग भेद एवं मानसिक व शारीरिक बदलाव के बारे में विस्तार से बताया।

वरिष्ठ अधिवक्ता रंजना दत्ता ने कहा कि डिजिटलाइजेशन के साथ क्राइम भी हाइटेक हो रहे हैं। डिजिटल साक्षर होने का लाभ यह होता है ऑनलाइन शिकायतें दर्ज कराई जा सकी हैं। रंजना दत्ता ने बालिकाओं से जुड़े कानून और विभिन्न धाराओं की जानकारी दी। यूनिसेफ के स्टेट मिशन कोऑर्डिनेटर अभिषेक त्रिपाठी ने कहा कि डिजिटल के सकारात्मक इस्तेमाल से बदलाव की नई लाइन खिंची जा सकती है। कोविड महामारी के दौरान टीकाकरण एवं इसके प्रति जागरूकता लाने पर जोर दिया गया। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) डा. करूणा मसीह ने कहा कि इंटरनेट के नुकसान से बचने इसके प्रति साक्षर होना बेहद जरूरी है। उन्होंने फ्री बिइंग मी के जरिए व्यक्तित्व का विकास कैसे करें, इसके बारे में बताया। जिला आयुक्त (गाइड) प्राचार्य डा. फरहाना अली ने कहा कि डिजिटल तरीके से अपडेट रहकर लिंग भेद से भी लड़ा जा सकता है।

### राष्ट्रीय बालिका दिवस पर निबंध लेखन, चित्रकला आदि प्रतियोगिताएं हुई आयोजित

**सुकमा।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सुपोषण केन्द्र दोरनापाल में परियोजना स्तरीय राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया गया। कोरोना संक्रमण को ध्यान में रखते हुए 20 से 22 जनवरी 2022 तक दोरनापाल परियोजना के सभी सेक्टरों के कन्या शालाओं में सेक्टर स्तरीय निबंध प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 24 जनवरी को उक्त सभी सेक्टर स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय विजेताओं का परियोजना स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गई।



















## खास खबर

### संस्कृति विभाग ने साहित्यकार डॉ. राजेन्द्र मिश्र को दी भाव-भीनी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग ने छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. राजेन्द्र मिश्र के निधन पर शोकसभा का आयोजन कर श्रदांजलि अर्पित किया। डॉ. मिश्र 85 वर्ष के थे। डॉ. मिश्र रीवा, छत्तरपुर तथा संस्कृत कॉलेज रायपुर में प्रोफेसर के साथ-साथ छत्तीसगढ़ कॉलेज रायपुर में प्राचार्य एवं पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में 'बक्शी शोधपीठ' के अध्यक्ष भी थे। उनकी कृतियों में कविता का कल्पलोक, नई कविता की पहचान, कवि का घर, हद और बेहद, एवं छत्तीसगढ़ में मुक्तिबोध आदि चर्चित कृतियां है। साहित्य के क्षेत्र में डॉ. मिश्र के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उनका निधन साहित्य जगत के लिए अपूर्णीय क्षति है।

### जयंती पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस के जज्बे को याद कर युवाओं को दी प्रेरणा

**रायपुर (ए)।** खम्हारडीह सार्वजनिक दशहरा एवं सांस्कृतिक समिति के नेतृत्व में खम्हारडीह स्थित जय स्तंभ पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस के छायाचित्र पर माल्यार्पण करके जयंती मनाई गई। इसके बाद कोरोना महामारी से बचाव के लिए मास्क का वितरण किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष जगदीश साहू, पार्षद रोहित साहू, पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, जिला अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष अर्चना शुक्ला, रजनी सैंडे राकेश शर्मा उपाध्यक्ष पुनीत राम यादव, विजेंद्र यादव, सचिव हरि रामपाल, देवराज पारधी, अभिजीत पांडे, राजू महाराज, लखन रिगरे, चिंता राम साहू, दिनेश साहू समेत वार्ड के अनेक लोग शामिल थे।

# छत्तीसगढ़ में 'इलेक्ट्रिक व्हीकल' को प्रचलन में बढ़ावा देने के लिए पहलः मोहम्मद अकबर

## 'छत्तीसगढ़ स्टेट इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी' पर हुई चर्चा

### मंत्री अकबर ने कहा-इलेक्ट्रिक वाहन पार्क की स्थापना और इसके निर्माण इकाईयों को दी जाएगी हर संभव मदद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा है कि वर्तमान में वायु प्रदूषण की वैश्विक समस्या के मद्देनजर अधिक से अधिक इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की सख्त जरूरत है। इसके तहत छत्तीसगढ़ में इलेक्ट्रिक वाहनों और सौर ऊर्जा के क्षेत्र संबंधी मिशन को राज्य सरकार द्वारा आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने सहित हर संभव मदद दी जाएगी। परिवहन मंत्री अकबर राजधानी रायपुर के शंकर नगर स्थित अपने निवास कार्यालय में परिवहन विभाग के तत्वाधान में आयोजित अंर्तविभागीय समिति की बैठक में छत्तीसगढ़ स्टेट इलेक्ट्रिक पॉलिसी बनाने के संबंध में अधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे।



परिवहन मंत्री श्री अकबर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप छत्तीसगढ़ को 'इलेक्ट्रिक व्हीकल हब' तथा पर्यावरण प्रदूषण रहित राज्य के रूप में नई पहचान देना है। वायु प्रदूषण में कमी लाने तथा उर्जा की मांग को दृष्टिगत रखते हुए सौर उर्जा का उपयोग मुख्य विकल्प के रूप में परिलक्षित हो रही है। छत्तीसगढ़ राज्य में वाहनों के संचालन हेतु पेट्रोल तथा डीजल का उपयोग किया जा रहा है। जिसकी पूर्ति के लिये अन्य देशों पर निर्भरता बनी हुई है तथा समय के साथ लगातार इसके मूल्यों में वृद्धि हो रही है। ऐसी स्थिति में इलेक्ट्रिक वाहन एक अच्छे विकल्प के रूप में उभरकर आया है। इसके लिए छत्तीसगढ़ में इलेक्ट्रिक व्हीकल को प्रचलन में बढ़ावा देने के लिए हर संभव पहल की जा रही है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को प्रोत्साहन देने के लिए विभिन्न सुविधाएँ उपलब्ध करायी जा रही है। इनमें ई-कार्ट तथा ई-रिक्शा में पांच वर्षों के लिये मोटरयान कर में छूट प्रदान किया गया हैं। छत्तीसगढ़ राज्य अत्यावसायी, सहकारी वित्त एवं विकास निगम द्वारा बैटरी चलित ई-रिक्शा के लिये ऋण प्रदान किया जाता है। ई-रिक्शा एवं ई-कार्ट वाहनों का फिटनेस, नवीनीकरण तीन वर्षों के लिये किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा निर्माण श्रमिक ई-रिक्शा सहायता योजना लागू की गई है, जिसके तहत छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल व्दारा 50 हजार रूपये अनुदान के रूप में एकमुश्त दिया जा रहा है। इलेक्ट्रिक वाहनों को मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 66 के अधीन परमिट से छूट भी दी गई है।

### जरूरत के मुताबिक अधिक से अधिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे

परिवहन मंत्री श्री अकबर ने छत्तीसगढ़ स्टेट इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी के निर्माण के संबंध में कहा कि इलेक्ट्रिक व्हीकल पार्क तथा इलेक्ट्रिक वाहनों के व्यवस्थित चालन तथा चार्जिंग के लिये चार्जिंग स्टेशन का निर्माण करना भी आवश्यक है। कुछ नगरीय निकायों एवं कपनियों ने अपने चार्जिग स्टेशन बनाये है तथा इनकी संख्या में और वृद्धि करना आवश्यक होगा। जिससे आमजन को सुगमता से वाहन चार्जिंग की सुविधाए प्राप्त हो सके। छत्तीसगढ़ राज्य अपने भौगोलिक स्थिति के कारण सोलर उर्जा के लिये उत्तम है, जिससे सोलर उर्जा का उपयोग कर वाहनों के चार्जिंग हेतु सोलर चार्जिंग स्टेशन स्थापित किये जा सकते है।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव वन तथा उद्योग मनोज पिंगुआ, सचिव परिवहन एस प्रकाश, आयुक्त परिवहन दीपांशु काबरा, सहायक परिवहन आयुक्त शैलाभ साहू , लीपड्राफ्ट कान्सलटेंट नितिन सिंगला तथा उद्योग, नगरीय प्रशासन, नवा रायपुर विकास प्राधिकरण, क्रेडा आदि अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### गणतंत्र दिवस पर घर-घर तिरंगा अभियान

**रायपुर (ए)।** रायपुर में धार्मिक त्योहारों की ही तरह राष्ट्रीय पर्व भी घर-घर का त्योहार बने इस मुहिम को लेकर संस्था नवसृजन मंच घर घर तिरंगा अभियान चला रही है। संस्था नवसृजन मंच द्वारा एक अभिनव पहल शुरू की गई, जिसमें हम अपने घर की छत पर या आंगन में ध्वजारोहण अपने परिवार के साथ करें। इसके लिए हेश टेग घर-घर तिरंगा अभियान को इंटरनेट प्लेटफॉर्म में ट्रोल किया जा रहा है। साथ ही वेब मीटिंग के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। इस अभियान को लेकर राज्यपाल अनुसुईया उइके ने इस संदर्भ में आम जनता के लिए संदेश जारी किया गया है। साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह, पूर्व मंत्री व विधायक बृजमोहन अग्रवाल, विधायक विकास उपाध्याय सहित प्रदेशभर में काम करने वाली सामाजिक संस्थाएं को अभियान से जोड़ा जा रहा है। 26 जनवरी को सुबह 9 से 10 बजे के बीच घर-घर में तिरंगा फहराया जाना है। राष्ट्रगान जन गण मन के गान के साथ परिवार वालों के बीच राष्ट्रीय पर्व मनाया जाएगा। संस्था नवसृजन मंच के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने बताया कि हम सभी अपने धार्मिक पर्व घर-घर में मनाते है, लेकिन राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त और 26 जनवरी सिर्फ सरकारी आयोजनों तक ही सीमित है।

छत्तीसगढ़ का पहला मामला

# धड़कते दिल को खोलकर निकाला दुर्लभ कैंसर ट्यूमर

**रायपुर (ए)।** हृदय के दुर्लभ कैंसर ट्यूमर की सर्जरी कर एक युवक की जान बचाई। चिकित्सकों ने बताया कि यह युस्टेचियन वाल्व ट्यूमर 10 करोड़ लोगों में एक हो ही होता है। इसमें बचने की संभावना बेहद कम होती है। धड़कते हुए दिल में छत्तीसगढ़ का इस तरह के हृदय रोग का पहला केस है, जिसमें चिकित्सकों को बड़ी सफलता मिली है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर मेमोरियल अस्पताल के एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट (एसीआई) में सर्जरी हुई।



हार्ट चेस्ट एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डा. कृष्णकांत साहू ने बताया कि 30 वर्षीय युवक को चार महीनों से सांस फुलने और खांसने के दौरान खून आने की शिकायत लेकर पहुंचा। जांच में पता चला कि इसके हृदय में कैंसर (युस्टेचियन वाल्व ट्यूमर) है। इसमें धड़कते हुए दिल के चेंबर को खोलकर दाए अलिंद के अंदर स्थित हृदय में युस्टेचियन वाल्व के उपर के दुर्लभ ट्यूमर को निकाला गया।

डॉ. कृष्णकांत ने बताया कि मरीज की बिंटिंग हार्ट ओपन (हार्ट सर्जरी धड़कते हुए दिल में सर्जरी) की गई, जो कि बेहद जटिल प्रक्रिया है। इलाज सर्जरी के छह दिन बाद मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो चुका है। युवक का इलाज आयुष्मान योजना के तहत नि:शुल्क किया गया है। सर्जरी में हार्ट सर्जन डॉ. कृष्णकांत, डॉ. निशांत चंदेल, कार्डियक एनेस्थेटिस्ट डॉ. तान्या, नर्सिंग स्टाफराजेन्द्र कुमार साहू, नरेन्द्र मरकाम, चौवाराम, मुनेश, चंदन, डिगेश्वर, भूपेन्द्र, हरीश का सहयोग रहा।

### बड़े प्राइवेट अस्पतालों ने खड़े किए हाथ

मरीज ने बताया कि हृदय से संबंधित समस्या पर रायपुर के कई प्राइवेट अस्पतालों में गए। वहां चिकित्सकों ने स्थिति देखकर हाथ खड़े कर दिए। वहीं बाहर जाकर इलाज कराने के लिए कहा। जिसमें लाखों रुपये का खर्च आ रहा था। चिकित्सकों ने ऑपरेशन के सफल होने की संभावना भी बेहद कम बताई थी। जानकारी मिलने के बाद आंबेडकर अस्पताल के हृदय रोग विभाग आए। वहां ऑपरेशन के बाद मैं पूरी तरह स्वस्थ हूं।


### जटिल सर्जरी में एसीआई ने सफलता हासिल की

हृदय का युस्टेचियन वाल्व ट्यूमर बेहद दुर्लभ ट्यूमर है। 10 करोड़ लोगों में एक को होने वाली इस बीमारी में बचने की संभावना बेहद कम होती है। छत्तीसगढ़ का पहला केस है, जिसकी जटिल सर्जरी में एसीआइ ने सफलता हासिल की। जो विभाग के लिए एक और कीर्तिमान है।

**-डा. कृष्णकांत साहू, विभागाध्यक्ष, हार्ट चेस्ट एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग**

# गणतंत्र दिवस को लेकर बाजार तैयार सुपर बाजार में ऑफरों की बारिश शुरू

**रायपुर (ए)।** राजधानी रायपुर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर सुपर बाजार संस्थानों द्वारा उपभोक्ताओं के लिए ऑफर की बारिश की जा रही है। इसके तहत एक के साथ एक फ्री और निश्चित राशि की खरीदारी पर उपहार दिए जा रहे है। साथ ही क्राकरी, फर्नीचर आदि उत्पादों पर विशेष छूट दिए जा रहे है।



सुपर बाजार संचालकों का कहना है कि उपभोक्ता भी इन्हें काफी पसंद करते है और उनके फायदे के लिए ही आफर दिए जा रहे है। साथ ही मुफ्त घर पहुंच सेवा भी उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही गणतंत्र दिवस के लिए संस्थानों को विशेष रूप से सजाया भी गया है। कारोबारी गिरीश रेलवानी का कहना है कि सभी ऑफर ग्राहकों के फायदे के लिए होते है और उन्हें इनका फायदा उठाना चाहिए।

### बैंकों के कार्डो से खरीदारी पर कैशबैक के साथ छूट

कुछ बैंकों द्वारा इन दिनों इलेक्ट्रानिक्स उत्पाद के साथ ही मोबाइल आदि की खरीदारी पर आकर्षक ऑफर दे रहे है। इसके तहत बैंक के क्रेडिट, डेबिट कार्ड से खरीदारी पर सीधे-सीधे 10 फीसद तक छूट के साथ ही कैशबैक ऑफर भी दिया जा रहा है। गणतंत्र दिवस के चलते भुगतान करने वाले आनलाइन कंपनियों द्वारा भी उपभोक्ताओं को लुभाने के लिए बड़े ही लुभावने ऑफर दिए जा रहे है।

### सदस्य बनाने के साथ नकदी छूट ऑफर

पहले केवल कपड़े संस्थानों या सुपर बाजार संस्थानों द्वारा सदस्य अपना सदस्य बनाया जाता था और ग्राहकों को ऑफर दिए जाते थे। अब कुछ बड़े बड़े दवा कंपनियों द्वारा भी ग्राहकों को सदस्य बनाने के साथ ही उन्हें सीधे-सीधे छूट दी जा रही है।

# पीएमजीएसवाय में सड़कों की गुणवत्ता में छत्तीसगढ़ प्रथम स्थान पर

## पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टीएस सिंहदेव केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की वीडियो कॉन्फ्रेंस में हुए शामिल

### प्रधानमंत्री आवास योजना और पीएमजीएसवाय की प्रगति की हुई समीक्षा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टीएस सिंहदेव वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों के साथ केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस से आयोजित बैठक में शामिल हुए। केन्द्रीय पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह की अध्यक्षता में आयोजित ऑनलाइन बैठक में विभिन्न राज्यों में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते और साध्वी निरंजन ज्योति भी बैठक में शामिल हुईं। राज्य शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव रेणु जी. पिल्लै, सचिव प्रसन्ना आर., प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के संचालक मोहम्मद कैसर



अब्दुलहक और छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आलोक कटियार भी वीडियो कॉन्फ्रेंस में मौजूद थे।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री सिंहदेव ने बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की प्रगति के बारे में बताया कि प्रदेश में योजना के पहले, दूसरे और तीसरे फेज के अंतर्गत कुल 42 हजार किलोमीटर से अधिक की 8547 सड़कें स्वीकृत हैं। नक्सल प्रभावित इलाकों में कुल 176 किलोमीटर लंबाई के 38 सड़कों के निर्माण के लिए निविदा स्वीकृत हो गई है। शेष 277 किलोमीटर के 54 सड़कों के लिए पुनर्निविदा की कार्यवाही निरंतर प्रक्रियाधीन है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए समय-सीमा में सड़कों और पुलों का निर्माण पूर्ण करने के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है। सड़कों की गुणवत्ता में छत्तीसगढ़ प्रथम स्थान पर है। राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षकों द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 में पूर्ण एवं प्रगतिरत सड़कों के 393 निरीक्षण किए गए हैं जिनमें कोई भी असंतोषप्रद श्रेणी में नहीं है।

श्री सिंहदेव ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तीसरे फेज में राज्य को 5612 किलोमीटर लंबाई की सड़क आबंटित थी। इन सभी सड़कों की स्वीकृति दो चरणों में प्राप्त कर राज्य प्रथम रहा है। इसके तहत स्वीकृत सभी सड़कों का निर्माण मार्च-2022 तक पूर्ण हो जाएगा। उन्होंने योजना के अंतर्गत कार्यों में तेजी को देखते हुए केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय से 2000 किलोमीटर लंबाई के अतिरिक्त सड़क मंजूर करने का आग्रह किया। उन्होंने जिस तरह निर्माण कार्यों में केन्द्रांश एवं राज्यांश 60:40 के अनुपात में आबंटन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाती है, उसी तरह सड़कों के नवीनीकरण और संधारण के कार्यों में भी 60:40 के अनुपात में आबंटन लागू करने का आग्रह किया। श्री सिंहदेव ने बताया कि मार्च-2022 तक 20 और अगले वित्तीय वर्ष 2022-23 में 24 वृहद पुलों का निर्माण पूर्ण कर लिया जाएगा।

श्री सिंहदेव ने केन्द्रीय पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह को बताया कि प्रदेश में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ई-पोर्टल पर चार नए मॉड्यूल शुरू किए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राज्य के लिए स्वीकृत दस लाख 97 हजार आवासों में से आठ लाख 23 हजार आवासों का निर्माण पूर्ण हो गया है। उन्होंने राज्यांश मिलने पर भारत सरकार द्वारा योजना के अंतर्गत आवास निर्माण की वापस ली गई अनुमति प्रदेश को पुन: प्रदान करने का आग्रह किया।

# राष्ट्रीय बालिका दिवसः प्रदेश में जन जागरूकता के लिए हुए कई कार्यक्रम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर प्रदेश में बालिकाओं की सुरक्षा, अधिकार, सुविधाओं, सम्मान और आजादी के प्रति लोगों को जागरूक करने विभिन्न आयोजन किए गए। इस दौरान लोगों को बालिकाओं के प्रति भेदभाव न कर उन्हें लड़को के समान आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करने हेतु प्रेरित किया गया।



प्रदेश के सभी जिलों में जन-जागरूकता के लिए स्कूलों, कालेजों, आंगनबाड़ियों और पंचायतों में विभिन्न आयोजन हुए। इसमें रंगोली, निबंध, वाद-विवाद प्रतियोगिता के माध्यम से बेटी बचाव बेटी पढ़ाओं का संदेश देने के साथ ही बालिका अधिकारों के बारे में बताया गया। इस अवसर पर बालिकाओं और किशोरियों की स्वास्थ जांच भी की गई। बालिकाओं को उनके अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ और पोषण के संबंध में जानकारी दी गई और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। रैली के माध्यम से भी लोगों में बालिकाओं के प्रति सकारात्मक वातावरण बनाने का प्रयास किया गया।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान





















## इरफान खान की याद में पत्नी सुतापा सिकदर ने लिखा इमोशनल नोट

दिवंगत एक्टर इरफान खान की पत्नी सुतापा सिकदर ने 2 दिन पहले अपना बर्थडे बेटे बाबिल और अयान के साथ सेलिब्रेट किया। अब हाल ही में सुतापा ने इस सेलिब्रेशन की कुछ फोटोज सोशल मीडिया पर फैंस के साथ शेयर की हैं। इन फोटोज के साथ सुतापा ने एक बेहद इमोशनल नोट शेयर कर अपने पति इरफान खान को याद भी किया है। सुतापा सिकदर ने अपने बेटों के साथ अपने बर्थडे सेलिब्रेट करने की फोटोज शेयर कर नोट में लिखा, मेरे साथ बिताए 32 में से मेरे 28 जन्मदिन याद नहीं रखने के लिए, जाओ इरफान फाइनली मैंने तुम्हें माफ किया। ये कहने के लिए मैंने परसों की रात तुम्हें बहुत याद किया। रात भर इतने सालों की सालगिरह की यादें याद आईं। मेरे जन्मदिन को न मनाने और भूलने के बाद तुम्हारे कारणों को खुशी-खुशी स्वीकार करना सब याद आया। सुतापा सिकदर ने आगे लिखा, और कल रात मैंने आपको आखिरकार बताया कि मुझे किस तरह से सेलिब्रेशन पसंद हैं और यह जन्मदिन के बारे में नहीं था, बल्कि सेलिब्रेशन के बारे में था, जो मैं आपके साथ मनाना चाहती थी। इस बार तुम मेरा बर्थडे भूलने की खता कर ही नहीं पाए। हैरानी की बात है कि बाबिल और अयान मेरा जन्मदिन नहीं भूले। क्या तुमने ही नींद में आकर उन्हें याद दिलाया, जो तुम यहां हमेशा भूल जाते थे। चीयर्स..आज दोनों बच्चों ने मुझे बहुत प्यार दिया और हमने तुम्हें बहुत याद किया।

## राजकुमार राव और भूमि पेडनेकर की फिल्म 'बधाई दो' का ट्रेलर हुआ रिलीज

राजकुमार राव और भूमि पेडनेकर की फिल्म 'बधाई दो' का ट्रेलर रिलीज हो गया है. इस फिल्म में कॉमेडी का पूरा तड़का लगने वाला है. राजकुमार राव और भूमि मिलकर दर्शकों को खूब हंसने वाले हैं. इस फिल्म में कुछ अलग विषय लेकर आए हैं इस फिल्म के मेकर्स ने. कल इस फिल्म का पोस्टर जारी कर दिया गया था. इस पोस्टर के साथ ये भी बताया गया है कि ये फिल्म सिनेमाघरों में ही रिलीज होगी. इस फिल्म के पोस्टर में राजकुमार राव एक पुलिस ऑफिसर की भूमिका में नजर आ रहे हैं. भूमि एक ऐसी लड़की की भूमिका में हैं जिसका लड़को में इंटरेस्ट नहीं फिर भी वो एक लड़के से शादी करती है. इस ट्रेलर में मनोरंजन का फुल डोज दर्शकों को मिलने वाला है.

## मां बनने के बाद अब 'जी ले जरा' से बाहर हो सकती हैं प्रियंका

एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा हाल ही में बेटी की मां बनी हैं। इसके बाद से ही 'जी ले जरा' के मेकर्स की चिंता बढ़ गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रियंका अभी अपना पूरा समय अपनी बेटी की देखभाल के लिए देना चाहती हैं। इसके बाद से 'जी ले जरा' के प्रोड्यूसर फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी दूसरे ऑप्शन की तलाश कर रहे हैं। जिससे वह प्रियंका को रिप्लेस कर सकें। 'जी ले जरा' में प्रियंका चोपड़ा, आलिया भट्ट और कटरीना कैफ को कास्ट किया गया है।

## कार्तिक आर्यन स्टारर 'भूल भुलैया-2' 25 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी

कार्तिक आर्यन स्टारर 'भूल भुलैया-2' 25 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म की डेट में कोई बदलाव नहीं होगा। मेकर्स ने खुद इस बात की अनाउंसमेंट की है। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन के अलावा कियारा आडवानी और तब्बू भी नजर आएंगी। फिल्म का डायरेक्शन अनीस बज्मी नें किया है। वहीं टी-सीरीज, भूषण कुमार और मुराद खेतानी फिल्म के प्रोड्यूसर हैं।

## डिवोर्स के बाद अपनी टीम के साथ डिनर करती नजर आईं ऐश्वर्या

अपने पति धनुष से अलग होने के बाद ऐश्वर्या रजनीकांत की फोटो सामने आई हैं। यह फोटो उसी होटल की हैं जहां ऐश्वर्या और धनुष ठहरे हुए हैं। इन फोटो में ऐश्वर्या अपनी अपकमिंग लव सॉन्ग की टीम के साथ डिनर करती नजर आ रही हैं। उनके साथ बॉलीवुड सिंगर अंकित तिवारी भी बैठे नजर आ रहे हैं।

# 'पुष्पा' की सफलता के बाद चमकी अल्लू अर्जुन की किस्मत, 100 करोड़ में ऑफर हुई एटली की फिल्म

**साउथ अभिनेता अल्लू अर्जुन की ब्लॉकबस्टर फिल्म पुष्पा का जादू अभी भी दर्शकों के सर चढ़कर बोल रहा है। अल्लू अर्जुन की यह फिल्म ना सिर्फ साउथ में बल्कि हिंदी भाषी क्षेत्रों में भी दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। यही वजह है कि इस फिल्म ने अपनी रिलीज के साथ ही कई रिकॉर्ड भी कायम कर लिए हैं। फिल्म में अपने दमदार अभिनय से अल्लू अर्जुन ने सभी का दिल छू लिया है। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि अल्लू अर्जुन एक्शन, ड्रामा, डांस और कॉमेडी से भरे टैलेंट का एक पिटारा हैं। फिल्म में अपने दमदार डायलॉग, शानदार एक्टिंग और डांस मूव्स से दर्शकों को दीवाना बनाने वाले अल्लू अर्जुन अब देशभर में काफी चर्चा में आ गए हैं।**



पुष्पा की सफलता के साथ ही अल्लू अर्जुन की किस्मत भी चमकती नजर आ रही है। इस फिल्म की सफलता की वजह से साउथ अभिनेता अल्लू अर्जुन के सितारे बुलंदियों पर हैं। ऐसे में पुष्पा के बाद अब अल्लू अर्जुन की झोली में कई बड़ी फिल्में आ गिरी है। इतना ही नहीं उन्हें इन फिल्मों के लिए मोटी रकम भी ऑफर की जा रही है। दरअसल, अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म पुष्पा ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कलेक्शन करते हुए पिछली कई फिल्मों के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। ऐसे में अब फिल्म की इस सफलता के साथ ही फिल्म के कलाकारों की किस्मत भी चमक उठी है। फिल्म में अपनी दमदार एक्टिंग की बदौलत आज अल्लू अर्जुन टॉलीवुड ही नहीं बल्कि पूरे देश में लोकप्रिय हो चुके हैं। इस फिल्म की सफलता की वजह से ही अल्लू अर्जुन अब भारतीय सिनेमा के सबसे ज्यादा फीस लेने वाले अभिनेताओं में शामिल हो चुके हैं। अभिनेता की फिल्म पुष्पा- द राइज ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाते हुए 300 करोड़ के क्लब में अपनी एंट्री कर ली है। ऐसे में अब अल्लू अर्जुन को भी कई फिल्मों के प्रस्ताव और भी ज्यादा रकम के साथ दिए जा रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अर्जुन अब एटली के साथ मिलकर काम करने वाले हैं। दरअसल, लायका प्रोडक्शन ने अभिनेता को अपनी फिल्म के लिए अप्रोच किया है। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि इस प्रोजेक्ट के लिए अल्लू अर्जुन को 100 करोड रुपये की फीस भी ऑफर की जा रही है। अपने शानदार निर्देशन के लिए मशहूर एटली थेरी, मार्सल और बिजिल जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। ऐसे में अल्लू अर्जुन और एटली की जोड़ी बेहतरीन साबित होने वाली है।

फिल्म पुष्पा की बात करें तो अल्लू अर्जुन की यह ब्लॉकस्टर फिल्म 17, दिसंबर 2021 को सिनेमाघरों में रिलीज की गई थी। इस फिल्म में अल्लू अर्जुन के अलावा साउथ अभिनेत्री रश्मिका मंदाना और फहद फासिल भी मुख्य भूमिका में नजर आए। वहीं, इस फिल्म का निर्देशन सुकुमार ने किया है।

# आमिर खान की 'लगान' से लेकर जॉन अब्राहम की 'परमाणु' तक, गणतंत्र दिवस पर देखें ये 6 फिल्में




प्रत्येक वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर कई फिल्में रिलीज की जाती हैं। हालांकि कोरोना महामारी के चलते इस साल कई राज्यों में थिएटर्स बंद कर दिए गए हैं। वहीं कुछ राज्यों में 50 फीसदी की क्षमता के साथ इन्हें संचालित किया जा रहा है। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसी देशप्रेम और देशभक्ति की फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो पहले से ही विभिन्न ओटीटी प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हैं।

### रंग दे बसंती

राकेश ओमप्रकाश मेहरा द्वारा निर्देशित इस पांच लड़कों की कहानी बताई गई है, जो अपनी ही सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ते हैं। फिल्म 'रंग दे बसंती' में आमिर खान, सिद्धार्थ, कुणाल कपूर, शरमन जोशी, अतुल कुलकर्णी और आर माधवन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

### शेरशाह

विष्णुवर्धन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में कैप्टन विक्रम बत्रा की वीरता की कहानी बयां की गई है। फिल्म 'शेरशाह' में सिद्धार्थ कपूर कैप्टन विक्रम बत्रा का किरदार निभाते हुए नजर आएंगे। इसके अलावा कियारा आडवाणी भी मुख्य भूमिका में दिखाई देंगी।

### लगान

आशुतोष गोवारिकर के निर्देशन में बनी लगान के काल्पनिक फिल्म है। इस फिल्म में दिखाया जाता है कि कैसे भुवन नाम का एक किसान ब्रिटिश राज के दौरान कप्तान एंड्रयू रसेल की चुनौती को स्वीकार करता है और खुद को ब्रिटिश कर से मुक्त कराते हैं।

### परमाणु: द स्टोरी ऑफ पोखरण

अभिषेक शर्मा के निर्देशन में बनी यह फिल्म 1998 में पोखरण में भारतीय सेना द्वारा किए गए परमाणु बम परीक्षण विस्फोटों पर आधारित है। इस पीरियड ड्रामा एक्शन फिल्म जॉन अब्राहम, डायना पेंटी और बोमन ईरानी मुख्य भूमिका में हैं।

### फैंटम

फैंटम कबीर खान द्वारा निर्देशित एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसमें सैफअली खान और कटरीना कैफ मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म की पटकथा लेखक हुसैन जैदी की किताब 'मुंबई एवेंजर्स' के समन्वय में 26/11 के मुंबई हमलों के बाद लिखी गई थी।

### क्रांतिवीर

मेहुल कुमार द्वारा अभिनीत यह फिल्म भ्रष्टाचार और उसके परिणामों पर प्रकाश डालती है। फिल्म में नाना पाटेकर, ममता कुलकर्णी और डिंपल कपाड़िया प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

# अक्षय कुमार ने मुंबई में खरीदा अपना नया घर



बॉलीवुड में खिलाड़ी के नाम से मशहूर अभिनेता अक्षय कुमार ने अपने सपनों का घर खरीद लिया है। अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ को लेकर अक्सर चर्चा में रहने वाले अक्षय कुमार हाल ही में एक बार फिर सुर्खियों में हैं। दरअसल सामने आई खबरों के मुताबिक अक्षय कुमार ने हाल ही मुंबई में एक नया लग्जीरियस हाउस खरीद लिया है। अक्षय कुमार से जुड़ी यह खबर सामने आते ही उनके फैंस बेहद खुश नजर आ रहे हैं। वहीं, कई लोग उनके इस नए घर की झलक पाने को बेताब है।

बॉलीवुड में अपना नाम कमाने वाले अक्षय ने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए काफी मेहनत की है। अभिनेता ने अपने जीवन में ऐसे दिन भी देखे हैं, जब वह मुंबई में दूसरों के घर के बाहर खड़े होकर फोटो शूट कराते थे। लेकिन आज अक्षय सफलता के जिस शिखर पर पहुंच चुके हैं, वहां तक पहुंच पाना हर किसी के बस की बात नहीं। खास बात ये है कि कभी जिस बंगले के बाहर अक्षय को फोटो क्लिक कराने के लिए एंट्री नहीं मिली थी। आज अभिनेता उसी बंगले के मालिक बन गए हैं। अक्षय ने अपने जीवन में ऐसे ही संघर्षपूर्ण जीवन जीते हुए सफलता का स्वाद चखा है।

अभिनेता के नए घर की बात करें तो अक्षय की इस नए घर की कीमत करीब 7.8 करोड रुपए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अक्षय का यह फ्लैट खार वेस्ट की जॉय लीजेंड बिल्डिंग के 19वें फ्लोर पर हैं। यहां अभिनेता को गाड़ी खड़ी करने के लिए अच्छी खासी जगह भी दी गई है। अपनी मेहनत और दमदार फिल्मों की बदौलत ताबड़तोड़ कमाई करने वाले अक्षय कुमार आज एक नहीं बल्कि दो-दो घरों के मालिक है। अक्षय के नए घर के खरीदने की खबर सामने आने के बाद से ही उनके फैंस एक्टर के घर की झलक पाने को बेताब है। हालांकि अभी तक अक्षय कुमार की तरफ से इस बारे में कोई भी आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है।

### महेश्वर में सारा का भगोरिया डांस, कुर्राट भी लगाई

# लुकाछुपी-2 की शूटिंग के बीच विक्की के साथ घूमीं मेला

खरगोन के प्राचीन नगर महेश्वर के चर्चित अहिल्या घाट पर फिल्म लुकाछुपी-2 की शूटिंग चल रही है। सोमवार को नर्मदा किनारे महेश्वर घाट पर मेले का दृश्य शूट किया गया। इसमें सारा अली खान लाल रंग की साड़ी में एक्टर विक्की कौशल के साथ मेला देखने पहुंचीं। मेले में आदिवासी नृत्य भगोरिया को फिल्माया गया। इस दौरान सारा और विक्की ने भी नृत्य किया गया। आदिवासियों की मशहूर कुर्राट भी लगाई। कुर्राट एक विशेष तरह की आवाज निकालने को कहते हैं। सारा ने मेले में बुढ़िया के बाल (लोकल मिठाई) भी खाए। नदी किनारे घाट पर बैठकर फोटो शूट भी करवाया।

इंदौर और उज्जैन में फिल्म की शूटिंग ट्रैक खत्म कर सारा और विक्की यूनिट के साथ महेश्वर पहुंचे हैं। नर्मदा किनारे घाट पर मेले का दृश्य फिल्माया गया। सारा लाल रंग की साड़ी और विक्की नीली टी-शर्ट में मेले से गुजरे। मेले में आदिवासी नृत्य शूट किया गया। इसके बाद एक गाने की भी शूटिंग हुई।

### फिल्म के लिए घाट पर ही मेला लगा

फिल्म के लिए घाट पर ही मेला लगाया गया। यहां पर लोग रंग-बिरंगे परिधान में नजर आए। मेले में बच्चों और युवाओं के लिए अलग-अलग स्थानों पर झूले और तरह-तरह की दुकानें लगाई गईं। घाट पर सतरंगी सेट लगाकर रंग-बिरंगे शॉट तैयार किए गए। फिल्म की शूटिंग की जानकारी लगते ही महेश्वर और आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचे। सभी सारा और विक्की की एक झलक पाने के लिए बेताव दिखे।



सुबह 6 बजे से यूनिट सदस्य घाट पर पहुंचे। सुबह 7 बजे से शूटिंग शुरू हुई। किला परिसर के अंदर अहिल्येश्वर मंदिर से पूजा की थाली व प्रसाद लेकर सारा अली खान और विक्की को बाहर निकलते हुए दृश्य फिल्माए गए। इसके बाद नर्मदा तट स्थित अहिल्या घाट पर शूटिंग हुई। यहां मिनी मेले का सेटअप तैयार किया।सारा और विक्की ने किया नौका विहार शूटिंग के लिए विक्की रविवार दोपहर में महेश्वर पहुंचे थे। सारा तो एक दिन पहले ही मां अमृता सिंह के साथ महेश्वर पहुंच गई थीं। विक्की ने रविवार शाम सारा के साथ नौका विहार का लुत्फ उठाया। सहस्त्रधारा पर सन सेट देखा। यहां पर तूने जो ना कहा, मैं वो सुनता रहा, बेवजह ख्वाब बुनता रहा... गाने को शूट किया जाना है।

### सूर्योदय-सूर्यास्त से प्रभावित हुए विकी-सारा

विकी ने कहा- दूसरी बार आया हूं। बहुत अच्छा लगा। सारा ने महेश्वर स्थल की तारीफ करते हुए महेश्वरी ड्रेस मटेरियल को बहुत सुंदर बताया। शूटिंग के बाद फुरसत के क्षणों में अभिनेत्री सारा व विकी ने यहां की यादों को अपने मोबाइल में कैद किया। दोनों कलाकारों ने कुछ फोटो इंस्टाग्राम पर भी पोस्ट की। इनमें ऐतिहासिक किला, नर्मदा घाट, सूर्योदय और सूर्यास्त की फोटोज शामिल हैं।

### सारा ने किए ज्योतिर्लिंग के दर्शन

सारा अली खान सोमवार रात 8 बजे ओंकारेश्वर पहुंचीं। यहां उन्होंने ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए। पंडित जितेंद्र सुधाकर राव शास्त्री ने पूजन-अभिषेक कराया। सारा अली खान ने नंदीगण और द्वारकाधीश के दर्शन किए। फिल्म के कुछ शॉट मांडू में फिल्माए जाने हैं। मांडू जाते समय वह ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर पहुंचीं।

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

मोमोस नास्ता सेंटर...
थापा शुद्ध मोमोस सेंटर
फुल हाफ
वेज मोमोस 40/- 20/-
मनचुरियन मोमोस 50/- 30/-
पनीर मोमोस 60/- 30/-
मोमोस-10, 20 और 30 रु. का भी मिलता है। शुद्ध बिना ऑयल का बना
मो.-9977690915, 7898349602
सर्कुलर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

लिजना स्पोर्ट्स वियर
हमारे यहां सुपरपोली, कसरा, ड्राईफिट, एन.एस लायकरा आदि कपड़ों के लोवर, चड्डा, बनाये जाते है, एवं स्पोर्ट्स की टी-शर्ट होलसेल रेट में बनाए जाते हैं
संबंधित संस्थान New J.P. Sports
Shop No. E-20, Circular Market, Camp-2, Bhilai
Mo. Lovely: 9993338252, 9300878988

श्रीराम कलेक्शन
बच्चों के आकर्षक रेडिमेड वस्त्रों के विक्रेता
जवाहर मार्केट केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई
789805563, 9827178585

श्री सांई जींस कॉर्नर
ओम सांई कलेक्शन
■ मेन्स वेयर ■ किड्स वेयर
■ लेडिस वेयर ■ वेडिंग कलेक्शन
9827115003, 9806303000
जवाहर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

रामजाने स्वादिष्ट चाट भंडार
शादी एवं पार्टी में ऑर्डर लिया जाता है
संपर्क करें : 8871247959

नाकोड़ा साड़ी सेंटर
एक्सक्लूसिव साड़ी शोरुम
फैंसी साड़ी, वैवाहिक साड़ियां डिजाईनर साड़ियां एवं सलवार सूट, लांचा
जवाहर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंक रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोन: 0788-2225449, 93290-13017

## खास खबर

### मंत्री डॉ. टेकाम कोरबा में करेंगे ध्वजारोहण

**रायपुर।** स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम 26 जनवरी को जिला मुख्यालय कोरबा में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में ध्वजारोहण करेंगे। मंत्री डॉ. टेकाम 25 और 26 जनवरी को कोरबा जिले के दो दिवसीय प्रवास पर रहेंगे और वहां आयोजित स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। डॉ. टेकाम 25 जनवरी को रायपुर से सुबह 11 बजे प्रस्थान कर दोपहर 2.30 बजे जिला मुख्यालय कोरबा पहुंचेंगे और वहां आयोजित स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मंत्री डॉ. टेकाम 26 जनवरी को प्रात: 8.50 बजे सीएसईबी गेस्ट हाऊस कोरबा से गणतंत्र दिवस समारोह फुटबॉल ग्राउंड के लिए प्रस्थान करेंगे और वहां सुबह 8.55 बजे आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह के कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम के पश्चात सीएसईबी गेस्ट हाऊस में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। मंत्री डॉ. टेकाम दोपहर 1 बजे कोरबा से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### स्वामी आत्मानंद स्कूलों के निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण करें - कलेक्टर

**कोरबा।** कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने आज वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने शिक्षा विभाग के कार्यो के समीक्षा के दौरान जिले में स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूलों के भवन निर्माण की प्रगति की जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी जीपी भारद्वाज से ली। कलेक्टर श्रीमती साहू ने प्रगतिरत स्कूल भवनों के निर्माण को तेजी से समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कराये जा रहे निर्माण कार्यो के अद्यतन स्थिति के फोटोग्राफ्स भी भेजने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में स्वामी आत्मानंद स्कूलों में पदों की जानकारी और स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने शौचालय, भवन, जर्जर भवन, विद्युतीकरण और अहाता निर्माण की जानकारी ली। सभी स्कूलों में जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्दश दिए। कलेक्टर श्रीमती साहू ने बैठक में पांचवी में अध्ययनरत् बच्चों को नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा की तैयारी करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने मेधावी बच्चों का चिन्हांकन कर मेरिट तथा पीईटी, पीएमटी के लिए तैयारी करवाने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने पढ़ने में कमजोर बच्चों को ट्रिक के माध्यम से पढ़ाई करने के तरीके बताने के निर्देश दिए। श्रीमती साहू ने जिले में चल रहे ऑनलाइन क्लासेस की जानकारी विकासखंड़ वार देने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यार्थियों की ऑनलाइन क्लास में उपस्थिति की जानकारी भी देने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने स्कूली बच्चें के कौशल विकास के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के साथ – साथ रोजगार में उपयोगी कौशल प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश दिए।

# इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्रालय ने इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण पर विजन डॉक्यूमेंट का दूसरा खंड जारी किया

श्रीकंचनपथ न्यूज



**नईदिल्ली( पीआईबी )।** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने आईसीईए के साथ मिलकर आज इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र के लिए 5 साल का रोडमैप और विजन दस्तावेज जारी किया, जिसका शीर्षक है 2026 तक 300 बिलियन अमरीकी डॉलर का सतत इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण और निर्यात।यह रोडमैप दो–भाग वाले विजन दस्तावेज़ का दूसरा खंड है – जिसका पहला खंड भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात और जीवीसी में हिस्सेदारी बढ़ानाशीर्षक के रूप में नवंबर 2021 में जारी किया गया था।

यह रिपोर्ट विभिन्न उत्पादों के लिए वर्ष–वार विवरण और उत्पादन के बारे में अनुमान प्रस्तुत करती है, जो भारत के वर्तमान 75 बिलियन अमरीकी डॉलर से बढ़कर 300 बिलियन अमरीकी डॉलर मूल्य के इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण पावरहाउस के रूप में बदलाव का मार्ग प्रशस्त करेगी। मोबाइल फोन, आईटी हार्डवेयर (लैपटॉप, टैबलेट), कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स (टीवी और ऑडियो), औद्योगिक इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटो इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रॉनिक पुर्जा, एलईडी लाइटिंग, स्ट्रैटेजिक इलेक्ट्रॉनिक्स, पीसीबीए, पहनने योग्य और सुनने योग्यतथा दूरसंचार उपकरण उन प्रमुख उत्पादों में शामिल हैं, जो इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र में भारत की प्रगति का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं (चार्ट देखें)। मोबाइल क्षेत्र का विनिर्माण मौजूदा 30 बिलियन अमरीकी डालर से बढ़कर 100 बिलियन अमरीकी डॉलर मूल्य के वार्षिक उत्पादन से अधिक होने की संभावना है और इस महत्वाकांक्षी प्रगति में इसकी हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत होने की उम्मीद है।

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उल्लेखनीय गति से दस्तावेजों और नीति से संबंधित सामग्रियों कोतैयार करने के प्रयासों के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की पूरी टीम को बधाई दी और सराहना की। कार्यक्रम के दौरान, वैष्णव ने हाल ही में उनके साथ बातचीत के दौरान उद्योग जगत के नेताओं द्वारा उठाए गए कुछ मुद्दों का भी समाधान किया। मोबाइल निर्माण में दोहरे नियमों के मुद्दे पर उद्योग की आशंकाओं का समाधान करते हुएवैष्णव ने कहा कि दूरसंचार विभाग मोबाइल निर्माण में प्रवेश नहीं करने जा रहा है और मोबाइल निर्माण नियामक व्यवस्था समान रहेगी।

इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी तथा कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि मंत्रालय विश्व आर्थिक मंच में प्रधानमंत्री के हाल के वक्तव्य के अनुरूप भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को व्यापक और सघन करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जहां उन्होंने कहा कि भारत मूल्य श्रृंखलाओं में एक विश्वसनीय और भरोसेमंद भागीदार के रूप में उभर रहा है। आज जारी किए गए विजन डॉक्यूमेंट के खंड–2 के उद्देश्य के बारे में राजीव चंद्रशेखर ने कहा, नए बाज़ार, नए ग्राहक और ग्लोबल वैल्यू चेन (जीवीसी) में एक भागीदार के रूप में स्थापित होना दूसरे चरण का लक्ष्य और मिशन है। इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण पर पहले खंड के साथ–साथ यह वॉल्यूम, सरकार और उद्योग के बीच गहन जुड़ाव के बाद लक्ष्य निर्धारण, विस्तृत रणनीति तैयार करने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि विजन डॉक्यूमेंट के दूसरे खंड में किए गए उल्लेख से इस बात की पुष्टि होती है कि 2 कारकों – डिजिटल खपत में वृद्धि और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं का विकास तथा विविधीकरण द्वारा संचालित इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में एक वास्तविक अवसर है। अगले 5 वर्षों में घरेलू बाजार के 65 मिलियन अमरीकी डॉलर से बढ़कर 180 अरब अमरीकी डॉलर होने की संभावना है। इससे 2026 तक भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को 2–3 शीर्ष रैंकिंग निर्यातों में स्थान मिल जाएगा। 300 बिलियन अमरीकी डॉलर मूल्य के निर्यात में, 2021–22 के अनुमानित 15 बिलियन अमरीकी डॉलर से बढ़कर 2026 तक इसकी हिस्सेदारी 120 बिलियन अमरीकी डॉलर हो जाएगी।

# राष्ट्रीय महिला आयोग ने ‘बेटी बचाओ’ विषय पर वेबिनार आयोजित किया

श्रीकंचनपथ न्यूज

नईदिल्ली। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने बालिकाओं के अधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण सहित बालिकाओं से संबंधित विभिन्न विषयों पर जागरूकता बढ़ाने के लिए आज राष्ट्रीय बालिका दिवस पर ‘ बेटी बचाओ’ विषय पर एक वेबिनार आयोजित किया। इस दौरान हुई चर्चा का उद्देश्य बालिकाओं के प्रति समाज के नजरिए में बदलाव लाकर बालिकाओं के प्रति एक नए दृष्टिकोण को बढ़ावा देना और उनके साथ होने वाले भेदभाव को कम करने के लिए जागरूकता उत्पन्न करना था।

अध्यक्ष सुरेखा शर्मा, हरियाणा सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री ओ.पी. धनखड़ और ‘सेव द चिल्ड्रन’ अभियान की प्रमुख प्रज्ञा वत्स ने इस वेबिनार में पैनलिस्ट के रूप में भाग लिया। अध्यक्ष ने बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, चयन की आजादी और निर्णय लेने के अधिकार से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर बात की।

उन्होंने कहा कि बालिकाएं जीवन के सभी क्षेत्रों में बालकों से बराबरी कर रही हैं और सरकार बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए महिला केंद्रित नीतियों की शुरुआत कर रही है।

सुशर्मा ने कहा, ‘बालिकाओं ने हर क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट योग्यता साबित की है और राष्ट्रीय महिला आयोग अपने कार्यक्रमों के माध्यम से हर क्षेत्र में बालिकाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण सुनिश्चित करता रहा है। हमारी सरकार लड़कियों को अपने नेतृत्व की बेहतरीन क्षमता का प्रदर्शन करने का अवसर देती रही है, लेकिन अब भी समाज को अपनी प्रतिगामी मानसिकता को छोड़ने की जरूरत है ताकि बालिकाएं आगे आ सकें और व्यापक बदलाव में भागीदार बन सकें।’

धनखड़ ने कहा कि सरकार समाज में व्यापक बदलाव लाने के लिए बड़ी सक्रियता से विभिन्न पहल करती रही है। धनखड़ ने कहा, अब समाज में बदलाव दिखाई दे रहा है; हालांकि, व्यापक बदलाव की जरूरत है।

सुवत्स ने तीन पी यथा गरीबी, पितृसत्ता और धारणा पर विशेष जोर दिया जो महिलाओं को उनकी वास्तविक संभावनाओं और क्षमता से वंचित कर देती हैं। उन्होंने कहा कि बालिकाओं का सशक्तिकरण और विकास सुनिश्चित करने के लिए समस्त स्तरों पर सहयोग और समन्वय के जरिए सामूहिक प्रयास करना अत्यंत आवश्यक है।

# राज्यों को अब तक एक सौ 62 करोड़ 73 लाख से अधिक कोविड रोधी टीके उपलब्ध कराये जा चुके हैं

श्रीकंचनपथ न्यूज

नईदिल्ली। केंद्र सरकार देशभर में कोविड–19 टीकाकरण का दायरा विस्तृत करने और लोगों को टीके लगाने की गति को तेज करने के लिये प्रतिबद्ध है। कोविड–19 के टीके को सभी के लिए उपलब्ध कराने के लिए नया चरण 21 जून से शुरू किया गया था।

टीकाकरण अभियान की रफ्तार को अधिक से अधिक टीके की उपलब्धता के जरिये बढ़ाया गया है। इसके तहत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को टीके की उपलब्धता के बारे में पूर्व सूचना प्रदान की जाती है, ताकि वे बेहतर योजना के साथ टीके लगाने का बंदोबस्त कर सकें और टीके की आपूर्ति श्रृंखला को दुरुस्त किया जा सके।

देशव्यापी टीकाकरण अभियान के हिस्से के रूप में केंद्र सरकार राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निःशुल्क कोविड टीके प्रदान करके उन्हें पूर्ण सहयोग दे रही है। टीके की सर्व–उपलब्धता के नये चरण में, केंद्र सरकार टीका निर्माताओं से 75 प्रतिशत टीके खरीदकर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निःशुल्क प्रदान करेगी।

केंद्र सरकार द्वारा अब तक नि:शुल्क और सीधे राज्य सरकार खरीद माध्यमों से टीके की 162.73 करोड़ से अधिक खुराकें राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को उपलब्ध कराई गई हैं। अभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पास कोविड–19 टीके की 13.83 करोड़ से अधिक अतिरिक्त और बिना इस्तेमाल हुई खुराकें उपलब्ध है, जिन्हें लगाया जाना है।

# डॉ. मनसुख मांडविया ने पुनर्निर्मित सीजीएचएस वेबसाइट और मोबाइल एप माईसीजीएचएस को लॉन्च किया

श्रीकंचनपथ न्यूज




**नई दिल्ली( पीआईबी )।** डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि एक मोबाइल एप से जुड़ी सीजीएचएस वेबसाइट को शुरू करना, भारत की बढ़ती डिजिटल पैंठ को और आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और सामयिक कदम है। इस वेबसाइट में कई अद्यतन विशेषताएं हैं, जो 40 लाख से अधिक लाभार्थियों (सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मी, दोनों) को उनके घरों से ही रियल टाइम की जानकारी के साथ अत्यधिक लाभान्वित करेंगी। उन्होंने आगे कहा कि इस तरह की सुविधा लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं को बिना किसी जोखिम के पहुंचाने में सक्षम बनाएगी और यह मौजूदा कोविड–19 महामारी के दौरान सही समय पर एक अभिनव कदम है। मंत्री ने आगे कहा कि यह भारत की बढ़ती डिजिटल पैंठ की एक महत्वपूर्ण और सामयिक कदम है।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि पुनर्निर्मित वेबसाइट में सेवाओं का विस्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि टेली– कंसल्टेशन की नई सुविधा के तहत सीजीएचएस लाभार्थी फोन के जरिए सीधे विशेषज्ञों से सलाह प्राप्त कर सकते हैं। इन बेहतर सुविधाओं के साथ, सीजीएचएस का लक्ष्य लाभार्थियों सुगम तरीके से विभिन्न सुविधाएं प्रदान करने की अपनी पहुंच में और बढ़ोतरी करने का है।

विभिन्न लाभार्थी अनुकूल सुविधाओं के साथ नई सीजीएचएस वेबसाइट और माईसीजीएचएस नामक मोबाइल एप्लिकेशन के रूप में इसका विस्तार किया गया है। इसे अपने घर की सुरक्षित सीमा के भीतर रहकर, विशेषकर कोविड महामारी के दौरान लाभार्थियों तक सेवा पहुंचाने में आसानी के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है।

डॉ. भारती प्रवीण पवार ने इस उपलब्धि पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा, यह महामारी के दौरान डिजिटल मीडिया स्रोतों के उपयोग की हमारी समझ के परिणामस्वरूप सामने आया है। डिजिटल स्वास्थ्य मिशन के अनुरूप इस नई वेबसाइट को शुरू किया गया है, जिससे लाभार्थी अपनी सुविधानुसार लाभ प्राप्त कर सकें। डॉ. पवार ने आगे कहा, भविष्य में यह मंच संबद्ध 40 लाख लाभार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देने में उपयोगी होगा।

# फग्गन सिंह कुलस्ते ने मैंगनीज अयस्क लिमिटेड-मॉयल के कार्य-प्रदर्शन की समीक्षा की

श्रीकंचनपथ न्यूज



नईदिल्ली(पीआईबी)। इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कल बालाघाट में इस्पात मंत्रालय की अनुसूची ए के अंतर्गत केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम (सीपीएसई) मैंगनीज अयस्क (इंडिया) लिमिटेड (मॉयल) के कार्य–प्रदर्शन की समीक्षा की और मॉयल की भविष्य की योजनाओं को विस्तार से समझा।

उन्होंने कंपनी द्वारा विशेष रूप से महामारी के समय में की गई प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और भारत की घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कंपनी को प्रगतिशील विकास कार्य करने की सलाह दी।

आयुष विभाग के राज्य मंत्री राम किशोर कंवारे और बालाघाट से विधायक दलसिंह बिसेन भी कुलस्ते के साथ मॉयल के बालाघाट खदान में उपस्थित थे। मैंगनीज अयस्क (इंडिया) लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एम.पी. चौधरी ने उनका स्वागत किया। कंवारे और बिसेन ने कोविड–19 दिशानिर्देशों के कारण 2 महीने तक काम नहीं कर पाने के बावजूद कंपनी के बेहतर प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा, मॉयल ने यह सुनिश्चित किया है कि शेष तिमाहियों में उत्पादन प्रभावित न होने पाए। उन्होंने कर्मचारियों एवं श्रमिकों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं का निरीक्षण किया और नए वेतन समझौते के सफल कार्यान्वयन के बाद मॉयल कर्मचारियों तथा श्रमिकों के बीच प्रसन्नता का माहौल देखकर संतोष व्यक्त किया।

कुलस्ते ने भूमिगत खदानों का दौरा किया और विशेष रूप से बालाघाट के फेरो मैंगनीज संयंत्र का जायजा लिया।

कंवारे ने नए संयंत्र की स्थापना के लिए राज्य सरकार को धन्यवाद दिया और अपना समर्थन व्यक्त किया जो मॉयल के विकास मार्ग में एक अतिरिक्त उपलब्धि है।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल तितुरडीह तहसील व जिला दुर्ग**

**–: आम सूचना :–**

विषय : सीमांकन बाबत।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के आदेश क्र. अ / 12 आदेश दिनांक 713/07/01/22 के आदेशानुसार आवेदक भावना देवांगन आ. भूपेन्द्र कुमार देवांगन निवासी ग्राम कातुलबोर्ड प.ह.नं. 20 रा.नि.मं. तितुरडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 3/526 रकबा 0.022 हे. का सीमांकन दिनांक 04/02/22 को पूर्वान्ह/अपरान्ह 11 से 5 बजे स्थल पर किया जाना है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति उक्त खसरा नंबर की भूमि पर प्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्व अर्जन के दस्तावेज नक्शा खसरा, लेआउट तथा रजिस्ट्री की प्रतिलिपी सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। तत्पपश्चात् आपत्ति मान्य नहीं होगी।


**दिनांक ...** **राजस्व निरीक्षक**
तितुरडीह
तहसील, जिला–दुर्ग (छ.ग.)

### महिला मंडल का चुनाव संपन्न

गरियाबंद। नगर की प्रतिष्ठित एवम लगभग 50 वर्ष पुराने महिला मंडल के पदाधिकारियों का चयन सोमवार को महिला मंडल भवन (झुला घर) मे संम्पन्न हुआ। जिसमे संरक्षक विनोदिनी मिश्रा,जरीन खान,अध्यक्ष विमला साहू,राखी तिवारी, मेनका देवदास,राजकुमारी,दुर्गा सोनी,मनीषा शर्मा,बिंदु वर्मा, आदि सदस्य उपस्थित थे।








































## खास-खबर



## आटो से सोने की हार,मोबाइल चोरी आरोपी युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर ( ए )।** पेंड्रा पुलिस ने सोने की हार और मोबाइल चोरी के आरोपित आटो चालक को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक लाख की माल बरामद किया। आटो चालक ने बताया कि सफर के दौरान चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसाार 20 जनवरी को प्रार्थी देवेंद्र कश्यप ने थाना पेंड्रा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह ग्राम भाड़ी, थाना सीपत जिला बिलासपुर निवासी है वह अपनी बहन और जीजा के घर पतगवां थाना पेंड्रा के लिए बिलासपुर से बस में बैठकर अग्रसेन भवन पुराना बस स्टैंड पेंड्रा में उतरकर एक आटो में बैठकर पतगवां जा रहा था कि बीच में कुछ दवा लेने के लिए साक्षी मेडिकल दुकान के पास आटो रोकवा कर लेने के लिए चला गया। इसी बीच आटो चालक ने प्रार्थी की बैग से दो तोले सोने की हार एवं एक मोबाइल को पार कर दिया। प्रार्थी घर जाने के बाद बैग में देखा कि मोबाइल तथा उसकी पत्नी का हार नहीं है। इस पर उसने रिपोर्ट थाना पेंड्रा में लिखित रूप में दर्ज कराया। मामले में पुलिस ने धारा 379 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच विवेचना में जुट गई। इस पर पेंड्रा के थाना प्रभारी प्रवीण कुमार द्विवेदी ने एसपी त्रिलोक बंसल को घटना से अवगत कराया कि इस प्रकार से घटना हुई है। इस पर उनके निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झा एवं गौरेला के अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अशोक वाडेगांवकर के मार्गदर्शन में थाना पेंड्रा की टीम ने तत्काल प्रार्थी के बताए अनुसार आटो चालक रितिक साहू पिता स्व. कल्लू प्रसाद साहू (22) निवासी आजाद चौक वार्ड क्रमांक आठ पेंड्रा की पतासाजी कर हिरासत में लेकर गहन पूछताछ की गई। कड़ाई से पूछताछ में स्वीकार कर लिया। पेंड्रा थाना में पुलिस को आरोपित ने बताया कि 20 जनवरी को प्रार्थी जब साक्षी मेडिकल स्टोर में दवा लेने के लिए लेने के गया हुआ था। इस दौरान उसने मौके देखकर बैग में रखे हार और मोबाइल को पार कर अपने पास रख लिया था तथा इसके बाद घर में आकर एक झोले में छिपाकर रखा हुआ था।

# कोरोना काल ने छीनी नौकरी, आर्थिक तंगी से परेशान पति पत्नी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भिलाई।** आर्थिक तंगी के कारण आत्महत्या का मामला सामने आया है। कोरोना काल में नौकरी चली गई और घर खर्च चलाना मुश्किल हुआ तो पति पत्नी ने एक साथ मौत को गले लगा लिया। यह दर्दनाक घटना पुरानी भिलाई थाना अंतर्गत कुम्हारी नगर पालिका के वार्ड 19 भाटापारा जंजगिरी का है। सूचना पर पहुंची पुरानी भिलाई पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।



मिली जानकारी के अनुसार सुशील यादव और उसकी पत्नी सुनीता यादव जंजगिरी में किराए के मकान में रहते थे। रविवार शाम को लोगों ने उन्हें अंतिम बार देखा। आज सुबह काफी देर तक उनके घर का दरवाजा नहीं खुला था तो पड़ोसियों ने आवाज लगाई। इसके बाद भी कोई जवाब न मिलने पर पड़ोसियों ने दरवाजा तोड़ दिया। अंदर पहुंचे पड़ोसियों ने देखा कि सुनील यादव और अनीता यादव साड़ी का फंदे में लटके हुए हैं।

पड़ोंसियों ने तत्काल इसकी सूचना पुरानी भिलाई पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने फंदे से शवों को उतरवाया। फिलहाल दोनों शवों को शवगृह में रखवा दिया है। परिजनों को इसकी सूचना दे दी गई है। मृतक सुशील यादव के परिजन जंजगिरी में ही रहते हैं वहीं मृतका सुनिता यादव के परिजन खुर्सीपार में रहते हैं। पति पत्नी की एक साथ आत्महत्या के बाद दोनों परिवारों मातम पसरा हुआ है।

इधर थाना प्रभारी विनय सिंह ने बताया है कि प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि मृतक सुनील यादव आर्थिक तंगी से परेशान था। सुनील यादव भारतीय स्टेट बैंक में प्लेसमेंट के तहत काम कर रहा था। कोरोना संक्रमण के दौर में नौकरी छूटी तब से परिवार पर आर्थिक बोझ बढ़ता गया। थाना प्रभारी विनय सिंह ने बताया कि संभवत आर्थिक तंगी की वजह से ही पति-पत्नी ने आत्महत्या की है। पुलिस को जांच के दौरान घर से दो सुसाइड नोट मिले हैं।

सुसाइड नोट में भैया भाभी द्वारा पैसो की मांग व परिवार से दूर करने का जिक्र हैं। वहीं मां से दूर होने के डर से नौकरी छूटने के बाद दूसरी नौकरी न करने का जिक्र है। यहीं नहीं एक सुसाइड नोट मृतका सुनीता यादव का लिखा हुआ है जिसमें आर्थिक तंगी की बात लिखी हुई है। सुशील यादव ने अपने नोट में यह भी लिखा कि भैया भाभी के कारण ही उन्हें उनके पिता ने घर से निकाल दिया। इन्हीं सब कारणों से आत्महत्या करने की बात कही है।

# सड़क हादसे में 3 लोगों की मौत: ट्रक ने मारी बाइक को टक्कर भागने की चक्कर में स्कार्पियो और साइकिल को भी चपेट में लिया

**जांजगीर ( ए )।** जांजगीर में सोमवार दोपहर हुए सड़क हादसे में बाइक सवार एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 8 साल का एक बच्चा भी शामिल है। तीनों आपस में मां-बेटा और पोता बताए जा रहे हैं। हादसा तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर के चलते हुए। बाइक को टक्कर मारने के बाद भागने की हड़बड़ी में ट्रक ने एक स्कार्पियो और साइकिल सवार को भी चपेट में ले लिया। इसके बाद जंगल में ट्रक छोड़कर ड्राइवर भाग निकला।

जानकारी के मुताबिक, हादसा पामगढ़ थाना क्षेत्र में हुआ है। शिवरीनारायण के रिंगनी निवासी ओम बेसवर भैना (25) अपनी मां गिर्दी भैना (48) और बेटे रामेश्वर भैना (8) के साथ बाइक पर एक परिवारिक कार्यक्रम में बिलासपुर में मस्तूरी के मल्हार गए हुए थे। वहां से सोमवार को लौटने के दौरान दोपहर करीब 12 बजे शिवरीनारायण क्षेत्र के राहौद के पास पहुंचे थे, तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी।



### बाइक और रेत में फंसकर बच्चे ने तोड़ दिया दम

टक्कर लगते ही मां-बेटा उछल कर सड़क पर जा गिरे। जबकि बच्चा रामेश्पवर भैना बाइक सहित सड़क किनारे रेत पर जा गिरा। उसकी बाइक के बीच में ही रेत में धंसकर मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक ने रफ्तार और बढ़ा दी। भागने की हड़बड़ी में उसने सामने से आ रही एक अन्य स्कार्पियो और साइकिल सवार को भी चपेट में ले लिया। टक्कर ऐसी थी कि साइकिल भी ट्रक में फंस गई और उसे खींच कर साथ ले गया। गनीमत रही कि स्कार्पियो और साइकिल में सवार दोनों सुरक्षित हैं।

### जंगल किनारे ट्रक छोड़कर भाग निकला ड्राइवर

हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंच गई। उन्होंने हादसे को लेकर जानकारी जुटाई और एक पुलिस टीम को ट्रक के पीछे की ओर भेजा गया। वहां पकरिया के जंगल में पुलिस को ट्रक मिल गया, लेकिन चालक भाग निकला था। पुलिस ने ट्रक जब्त कर लिया है और ड्राइवर की तलाश की जा रही है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए पुलिस ने अस्पताल भेज दिया है। सूचना मिलने पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए हैं।

# पुलिस के साथ मारपीट करके फरार आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा के रहने वाले धोखाधाड़ी के फरार आरोपित सुमन साहू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी राजश्री टंडन ने 26 अगस्त 2021 को सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया कि आरोपित ने प्रार्थी को जेवर को गिरवी रखवाकर 50 हजार रुपये दिलवाने का आश्वासन दिया, लेकिन वे जेवर लेकर फरार हो गया। शिकायत को देखते हुए सिविल लाइन पुलिस ने 420 का मामला दर्ज कर लिया था।

पुलिस ने आरोपित सुमन साहू (30) को छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा से 26 अगस्त 2021 को गिरफ्तार कर न्यायालय ले जाते समय पुलिसकर्मियों को धक्का देकर पीठ पर मुक्के मार फरार हो गया। सोमवार को मुखबीर के सूचना और थाना टिकरापारा के सहयोग से आरोपित को गिरफ्तार किया है।



### यातायात पुलिसकर्मी के साथ मारपीट, दो आरोपित गिरफ्तार

राजधानी रायपुर में यातायात पुलिसकर्मी के साथ मारपीट करने वाले दो आरोपित गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार थाना गोलबाजार क्षेत्र के शारदा चौक में यातायात के पुलिसकर्मी जयदेव मिश्रा की पाइंट ड्यूटी लगी थी। इस दौरान सोमवार शाम लगभग पांच बजे एक चारपहिया वाहन टाटा नैक्सोन जे एच 05 सी ई 7973 में सवार दो व्यक्ति शारदा चौक में लगे यातायात सिग्नल का उल्लंघन करते हुए जबरन पार कर रहे थे।

इस पर ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मी ने वाहन को रूकवाने पर वाहन का चालक और सवार गाली-गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी। थाना गोलबाजार ने मामले को देखते हुए आरोपित वाहन चालक अविनाश सिंह (27) और राजा कुमार (25) को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपित जवाहर नगर भिलाई के रहने वाले है।

### अवैध संबंध के चक्कर में युवक की हत्या:

# महिला के पति ने साथ देखा तो पहले गला घोंटा, फिर शव को जलाकर छिपा दिया, गिरफ्तार

**पेंड्रा (ए)।** गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में अवैध संबंध के चलते एक युवक की हत्या कर दी गई। उसे गांव के ही एक युवक ने मार दिया। बताया गया कि आरोपी की पत्नी से युवक का अवैध संबंध था। जिसके चलते उसे मारा गया है। आरोपी ने अपनी पत्नी को युवक के साथ देख लिया था। जिसके बाद उसने गुस्से में आकर पहले गला घोंटा, फिर उसके शव को जलाकर छिपा दिया था। मामले में मरवाही पुलिस ने आरोपी को अब गिरफ्तार कर लिया है।

दरअसल, 22 जनवरी को पुलिस को सूचना मिली थी कि धनौरा गांव के खैरबना नर्सरी जंगल में एक लाश जली हुई हालत में पड़ी मिली है। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। जांच में मृतक की पहचान धनौरा निवासी हरीशचंद्र केवट(45) के रूप में हुई। पुलिस को जिस तरह से उसकी लाश मिली थी। इससे पुलिस को पहले से ही शक था कि उसकी हत्या की गई है। इस आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की।

पुलिस ने जांच शुरू की तो पुलिस को पता चला कि हरीशचंद्र का गांव के ही उदयभान सिंह की पत्नी से अवैध संबंध था। जिसके चलते उसका 2 साल पहले उदयभान से विवाद हुआ था। इस आधार पर पुलिस ने तुरंत उदयभान को हिरासत में लिया और पूछताछ शुरू की थी। पूछताछ में ही उदयभान ने अपना गुनाह कबूल कर लिया था।

### नदी किनारे शव छिपाया

उदयभान ने पुलिस को बताया कि 21 जनवरी को वो खैरबना नर्सरी की तरफ गया था। यहां उसने अपनी पत्नी के साथ हरीशचंद्र को देखा था। उदयभान को देखते ही उसकी पत्नी वहां से चले गई थी। उदयभान ने बताया कि घटना करीब दोपहर 12 बजे की है। वो हरीशचंद्र को देखते ही काफी गुस्से में आ गया था। उसने तुरंत ही उसका गमछे से गला घोंट दिया था। फिर शव को नदी किनारे गड्ढ़े में छिपा दिया था। रात को वापस जाकर उसने उसकी लाश को वहीं जला दिया था। मगर अगले दिन 22 जनवरी को पुलिस को इस बात की सूचना मिल गई। पुलिस ने अब आरोपी को रविवार को गिरफ्तार कर लिया है और पुलिस ने मामले की जानकारी दी है।

# छत्तीसगढ़ में मीसा बंदियों को फिर मिलेगी पेंशन: राज्य सरकार को हाईकोर्ट से लगा झटका

**बिलासपुर ( ए )।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने मीसा बंदियों के पक्ष में आदेश जारी करते हुए उन्हें सम्मान निधि देने का आदेश दिया है। साथ ही पेंशन योजना बंद करने के फैसले को भी किया रद्द कर दिया गया है। इस आदेश से राज्य शासन को जोरदार झटका लगा है। राज्य में कांग्रेस की सरकार आने के बाद 2019 में प्रदेश के मीसा बंदियों को दी जाने वाली पेंशन राशि देने के आदेश को बदल दिया था। साथ ही नया नोटिफिकेशन जारी कर भौतिक सत्यापन के नाम से राशि रोक दी गई थी। इस फैसले के खिलाफ मीसा बंदियों ने हाईकोर्ट की शरण ली थी, जिसमें सिंगल बेंच ने मीसा बंदियों के पक्ष में फैसला दिया था। इस फैसले के खिलाफ राज्य सरकार ने डिवीजन बेंच में अपील की थी।



छत्तीसगढ़ सरकार के फैसले के खिलाफ मीसा बंदियों ने पेंशन भुगतान की मांग को लेकर अधिवक्ता रणवीर सिंह मरहास सहित अन्य वकीलों ने हाईकोर्ट में अलग-अलग 40 याचिकाएं दायर की थी। याचिकाकर्ताओं ने पेंशन रोके जाने के कारण भरण पोषण की समस्या का हवाला देते हुए पेंशन व्यवस्था को नियमित रखने की मांग की थी।

पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश में आपातकाल की घोषणा के बाद जेल में बंद किए गए राजनीतिक बंदियों को लोकतंत्र सेनानी का दर्जा देते हुए वर्ष 2008 से पेंशन व्यवस्था (सम्मान निधि) लागू की थी। मीसा बंदियों को पेंशन के लिए दो श्रेणी बनाई गई। छह महीने से कम जेल में रहने वाले बंदियों को प्रति महीने 15 हजार रुपए व छह महीने से ज्यादा जेल में बंद रहने वाले बंदियों को प्रति महीने 25 हजार रुपए पेंशन की व्यवस्था शुरू की थी। ऐसे मीसा बंदी जिनकी मृत्यु हो गई है, उनकी पत्नी को जीविकोपार्जन के लिए आधी राशि का भुगतान किया जा रहा था।

साल 2018 में कांग्रेस की सरकार बनी तो मीसा बंदियों को दी जा रही पेंशन राशि रोक दिया था। साथ ही कहा था कि मीसा बंदियों के सम्मान निधि की पहले भौतिक सत्यापन और समीक्षा कराई जाएगी, फिर बाद में शासन ने नोटिफिकेशन जारी कर सम्मान निधि नहीं देने का फैसला किया। शासन के इस आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में अलग-अलग याचिकाएं दायर की गई।

नये लुक एवं वैरायटी में सागौन लकड़ी द्वारा निर्मित
अरिहंत फर्नीचर शो रुम | नमन सेल्स फर्नीचर शो रुम
20% डिस्काउंट के साथ उपलब्ध
• सागौन निर्मित इंडियन मॉडल, वॉल मॉडल, डी मॉडल गुजराती सोफा
• लकड़ी सोफा 9500/- से शुरू (वारंटी के साथ)
• लकड़ी पलंग हाई क्वालिटी के साथ
• स्टील आलमारी आटोमेटिक प्लांट द्वारा निर्मित, भट्ठी पेंट वाली
• कम्प्यूटर टेबल, ऑफिस टेबल, टेनिंग टेबल कम्प्यूटर चेयर ऑफिस चेयर इत्यादि की वैरायटी
आजाद मार्केट, रिसाली
(भिलाई मसाला उद्योग के पीछे), भिलाई, मो. 9424151009, 9301188428

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षों से यह दुकान हाई स्कूल के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

MemSaheb Ladies wear
JOCKEY UNDERWEAR IS OUR PASSION
JULIET
Shop No. 57, A Market, Sec-6 Bhilai
Om Prakash
9926004441, 0788-2284341

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

मिस एंड मिसेस लेडिस वेयर
• गाऊन
• ब्रा. पेन्टी
• नाईटी
• ब्लाउज
सभी प्रकार के अंडरगारमेंट्स की विशाल रेंज
शॉप नं-113, सेक्टर-6, ए मार्केट भिलाई

न्यू अप्सरा साड़ी सेन्टर
घाघरा, चुन्नी, कुर्ती, डिजाइनर साड़ियां सलवार सूट
सेल्स गर्ल की आवश्यकता है
शॉप 151, ए-मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन-2284063

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### संगीता गजभिए नीतीश कश्यप को सौंपी बड़ी जिम्मेदारी



**भिलाई।** अखिल भारतीय असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदित राज के दिशा निर्देश पर छत्तीसगढ़ से असंगठित कामगार मजदूर कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती संगीता गजभिए नीतीश कश्यप प्रदेश उपाध्यक्ष सोशल मीडिया छत्तीसगढ़ लीना भारतीय गरियाबंद, जमुना साहू डोंगरगांव, अभिनय गजभिए राजनांदगांव, को एक बड़ी जिम्मेदारी सोपते हुए गोवा चुनाव पर्यवेक्षक बनाया गया और एक बड़ी जिम्मेदारी के साथ अखिल भारतीय असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के नेतृत्व में गोवा चुनाव ने प्रचार के निर्देश दिए गए जिसकी नियुक्ति पत्र अखिल भारतीय असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के राष्ट्रीय कार्यालय से स्वयं राष्ट्रीय अध्यक्ष उदित राज द्वारा प्रदान की गई।

### निगम मुख्यालय में गणतंत्र दिवस के अवसर पर महापौर नीरज पाल करेंगे ध्वजारोहण

**भिलाई।** भिलाई निगम मुख्य कार्यालय सुपेला में गणतंत्र दिवस के अवसर पर महापौर नीरज पाल प्रातः 8 बजे ध्वजारोहण करेंगे। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 26 जनवरी 2022 के अवसर पर गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया जायेगा। परन्तु कोविड प्रोटोकाल को देखते हुये मास्क धारण करना एवं सामाजिक दूरी बनाये रखना अनिवार्य होगा। इस संबंध में निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने समस्त अधिकारी/कर्मचारी को निर्देश दिये है कि कोविड 19 संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुये मास्क और सोशल डिस्टेंस का पालन अनिवार्यः करे और सभी विभाग प्रमुख इस संबंध में अपने अधीनस्थो को निर्देशित करते हुए उनसे टीप भी ले तथा निर्धारित समय पर उपस्थित होने हेतु निर्देशित करे। वहीं निगम के सभी 05 अनुविभाग कार्यालयो में प्रातः 7:30 बजे ध्वजारोहण किया जायेगा। गणतंत्र दिवस से पूर्व सभी महत्वपूर्ण स्मारको की साफ-सफाई के पश्चात माल्यार्पण की जायेगी तथा आस-पास के स्थलो व प्रमुख चौक-चौराहा में भी विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा।

# सरकार के विचारधारा से प्रभावित होकर कांग्रेस में शामिल हो रहे लोग

## विधायक देवेन्द्र यादव ने गमछा पहनाकर कराया कांग्रेस प्रवेश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। नगरी निकाय चुनाव के बाद से भिलाई में मानो कांग्रेस प्रवेश करने वालों का तांता लगा है। अब रोज शहर के प्रभावशाली व भाजपा व अन्य पार्टी से जुड़े कई लोग लगातार कांग्रेस पार्टी में शामिल हो रहे हैं और कांग्रेस के साथ मिलकर काम करने की महत्वाकांक्षा जाहिर कर रहे हैं।**



इसी कड़ी में आज पूर्व पार्षद एवं भिलाई भाजपा के पश्चिम मण्डल उपाध्यक्ष रहे संतोष निर्मलकर ने आज कांग्रेस की विचारधारा में अपनी आस्था जताते हुए पार्टी ज्वाइन की।

हर नेक हृदय और सकारात्मक सोंच आज कांग्रेस के साथ है। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि एवं MIC सदस्य एकांश बंछोर, MIC सदस्य लालचंद वर्मा, एवं भाई मोनेश शर्मा भी साथ रहे।

निर्मलकर की पत्नि लक्ष्मी निर्मलकर ने भी कांग्रेस ज्वाइन किया। वे महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष थी और इस बार चुनाव लड़ी थी। निर्मलकर का कहना है कि भिलाई नगर विधायक वह पूर्व महापौर देवेंद्र यादव की विचारधारा और जनता के प्रति उनके समर्पण और ईमानदारी व कर्तव्य निष्ठा को देखते हुए वे काफी प्रभावित हुए। भिलाईनगर विधायक व पूर्व महापौर देवेंद्र यादव ने भिलाई की जनता और शहर के विकास के लिए जो काम किया है वह काफी सराहनीय और ऐतिहासिक है इस विकास कार्यों और उनके विचारों से प्रभावित होकर उन्होंने अपनी पत्नी के साथ कांग्रेश प्रवेश किया और उन्होंने कहा कि वे कांग्रेस की विचारधारा के साथ जोड़कर जनता की सेवा करना चाहते हैं क्योंकि वर्तमान समय में जनता के सच्चे सेवक सिर्फ कांग्रेसी है गौरतलब है कि इससे पहले खुर्सीपार क्षेत्र के एक निर्दलीय नेता सहित कई लोग लगातार कांग्रेसी प्रवेश कर रहे हैं यही नहीं जब नगर निगम चुनाव का परिणाम आया था उस दिन भी परिणाम आते हैं कई निर्दलीय सीधे कांग्रेस में शामिल हुए थे।

## एमपी के वन मंत्री से भाजपा पार्षद दया सिंह ने की मुलाकात, कई मुद्दों पर हुई चर्चा



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। मध्यप्रदेश के वन मंत्री कुंवर विजय शाह आज निजी प्रवास पर भिलाई पहुंचे। नेहरू नगर में आयोजित एक समारोह में वन मंत्री शाह पहुंचे थे।**

जहां उन्होंने भिलाई-दुर्ग के भाजपा नेताओं से भी मुलाकात की। भाजपा पार्षद दया सिंह ने भी वन मंत्री से मुलाकात कर कई विषयों पर चर्चा की। दोनों के बीच में गहरी चर्चा हुई। चूंकि, दया सिंह पहले भी वन मंत्री कुंवर विजय शाह से मुलाकात कर चुके हैं।

पुराने दिनों की बातों को भी उन्होंने याद किया। दोनों चर्चा में मशगूल हो गए। वन मंत्री ने दया से निकाय चुनाव के परिणाम के बारे में पूछा। दया ने अपने चुनाव के संबंध में जानकारी दी और जीत के लिए दया को वन मंत्री ने बधाई दी।

# क्षितिज चंद्राकर ने दी भुवनेश साहू को प्रदेश में बड़ी जिम्मेदारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष क्षितिज चंद्राकर ने किया सगठन का विस्तार, भुवनेश कुमार साहू को मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी अब वह प्रदेश में ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस के लिए बतौर कोऑर्डिनेटर फेलोशिप के रूप में कार्य करेंगे।**

वही पृथ्वीराज चंद्राकर को लोकसभा कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया। भुवनेश कुमार साहू इसे पहले प्रोफेशनल कांग्रेस में दुर्ग चैप्टर अध्यक्ष की भूमिका निभा रहे थे और उनके नेतृत्व में दुर्ग चैप्टर में हुए कई महत्वपूर्ण सामाजिक और राजनैतिक कार्यों व गतिविधियों को देखते हुए उन्हें प्रदेश की राजनीती में




लाने का निर्णय हाईकमान ने लिया गया द्य भुवनेश कुमार साहू ने ही अंतराष्ट्रीय क्रिकेटर राजेश चौहान व पदमविभूषण तीजन बाई व रायपुर की रूना शर्मा जैसे दिग्गज हस्तियों को प्रोफेशनल कांग्रेस से जोड़ा था। इन्हे तीनो हस्तियों के साथ गिरी राव जी को भी हाई कमान द्वारा प्रदेश में सलाहकार समिति में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी दी गयी है।

साथ प्रदेश उपाध्यक्ष प्रत्युश भारद्वाज को को द्धह्ष्ट कोऑर्डिनेटर व दीप सारस्वत् को फाइनेंस कोऑर्डिनेटर, सुदीप मैत्रा - कोऑर्डिनेटर रिसर्च व पृथ्वीराज चंद्राकर को दुर्ग लोकसभा कोऑर्डिनेटर व ममता सिंग को दुर्ग चैप्टर की अध्यक्ष बना कर सँगठन मजबूती के साथ नयी दिशा दी गयी है द्य भुवनेश कुमार साहू ने तहे दिल से प्रदेश के मुखिया माननीय भूपेश बघेल व द्धक्क्ष्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशि थरूर, ईस्ट जोन कोऑर्डिनेटर ज़रिता लेटफ्लोग व प्रदेश अध्यक्ष क्षतिज़ चंद्राकर जी का आभार व्यक्त किया है। और सगठन को और मजबूत करने का प्रण लिया। भुवनेश कुमार साहू के इस्टेट कोऑर्डिनेटर की घोषणा पर दुर्ग विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर,पूर्व मंत्री बदरुद्दीन कुरैशी, पूर्व विधायक भजन सिंग निरंकारी, नगर निगम सभापति राजेश यादव,प्रदेश महासचिव जितेंद्र साहू,पूर्व जिला अध्यक्ष तुलसी साहू, सामान्य प्रशासन प्रभारी संदीप निरंकारी,हेमंत बंजारे,राजू भाटिआ, राकेश मिश्रा, मंजीत निरंकारी, इमरान अंसारी, विनोद गुप्ता, व अय्यूब खान के साथ कई दिग्गजो ने उन्हें बधाई दी व हर्ष जताया।









स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950